1. Which of the following doctrines are associated with Jainism?
(A) Anekantavada (B) Pratityasamutpada
(C) Syadvada (D) Kshanikavada
Select the correct answer using the code given below -
(1) (A) and (D) (2) (B) and (C)
(3) (C) and (D) (4) (A) and (C)
(5) Question not attempted

2. Arrange the following events of the American War of Independence in chronological order -
(A) Enactment of the Stamp Act
(B) Boston Tea Party
(C) Boston Massacre
(D) First Intercontinental Conference of Congress
Choose the correct code -
(1) (A), (B), (C), (D) (2) (B), (C), (A), (D)
(3) (C), (B), (A), (D) (4) (A), (C), (B), (D)
(5) Question not attempted

3. Which one of the following option is correct regarding the Great Bath found at Mohenjo-daro?
(A) It extended 180 feet in north-south direction and 108 feet in east-west direction.
(B) Stairs of entrance gate were lined with wooden planks.
(C) Gypsum was used in its floor to prevent water leakage.
Choose the correct option with the help of given code -
(1) (A), (B) and (C) (2) Only (A)
(3) (A) and (B) (4) (B) and (C)
(5) Question not attempted

4. Which of the following monuments were constructed by Shah Jahan?
(A) Taj Mahal
(B) City of Shahjahanabad near Delhi
(C) Jama Masjid of Delhi
(D) Agra Fort
Choose the correct code -
(1) (A) and (B) (2) All (A), (B), (C) and (D)
(3) (A) and (C) (4) (A), (B) and (C)
(5) Question not attempted

1. निम्नलिखित में से कौनसे सिद्धांत जैन धर्म से संबंधित हैं?
(A) अनेकान्तवाद (B) प्रतीत्यसमुत्पाद
(C) स्याद्वाद (D) क्षणिकवाद
दिए गए कूट के आधार पर सही उत्तर का चयन कीजिए –
(1) (A) और (D) (2) (B) और (C)
(3) (C) और (D) (4) (A) और (C)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम की निम्न घटनाओं को सही कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए –
(A) स्टाम्प एक्ट पारित करना
(B) बोस्टन टी पार्टी
(C) बोस्टन हत्याकाण्ड
(D) कांग्रेस का पहला अन्तरमहाद्वीपीय सम्मेलन
सही कूट का चयन कीजिए –
(1) (A), (B), (C), (D) (2) (B), (C), (A), (D)
(3) (C), (B), (A), (D) (4) (A), (C), (B), (D)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. मोहनजोदड़ो से प्राप्त विशाल स्नानागार के संबंध में, निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प सही है?
(A) यह उत्तर–दक्षिण दिशा में 180 फ़ीट और पूर्व–पश्चिम दिशा में 108 फ़ीट तक फैला हुआ था।
(B) प्रवेश द्वार की सीढ़ियों पर लकड़ी के पटिये (तख़्ते) लगे हुए थे।
(C) पानी के रिसाव को रोकने के लिए इसके फर्श में जिप्सम का उपयोग किया गया था।
दिए गए कूट की सहायता से सही विकल्प चुनिए –
(1) (A), (B) और (C) (2) केवल (A)
(3) (A) और (B) (4) (B) और (C)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. शाहजहां ने निम्नलिखित में से किन स्मारकों का निर्माण करवाया था?
(A) ताजमहल
(B) दिल्ली के समीप शाहजहांनाबाद नामक नगर
(C) दिल्ली की जामा मस्जिद
(D) आगरा का किला
सही कूट चुनिए –
(1) (A) और (B) (2) सभी (A), (B), (C) और (D)
(3) (A) और (C) (4) (A), (B) और (C)
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

Question Left - 26

124

5. Which astronomer of Gupta period mentioned astronomical instruments in his book?
(1) Varahamihir (2) Aryabhata
(3) Brahmagupta (4) Sushruta
(5) Question not attempted

6. Kusuladhanya is a type of which of the following Ashram?
(1) Brahmacharya (2) Vanaprastha
(3) Grihastha (4) Sanyasa
(5) Question not attempted

7. What was the name of the autobiography written by famous liberal leader Surendranath Banerjee in 1925 AD?
(1) A Nation in Making
(2) My Country My Life
(3) An Indian Pilgrim
(4) India Wins Freedom
(5) Question not attempted

8. Which mantra did the Guru initiate as Guru mantra to the student during the Upanayana Sanskar?
(1) Saraswati Beej Mantra (2) Ganesh Mantra
(3) Savitri Mantra (4) Agni Mantra
(5) Question not attempted

9. Which statements regarding the sources of Mauryan History are true?
(A) According to the 9th Rock Edict of Ashoka, good behaviour towards servants is also practice of Dhamma.
(B) A stone idol of Ashoka has been discovered from Kanaganahalli, Karnataka.
(C) Rock edicts of Ashoka have been discovered from Kalsi, Uttarakhand.
Identify the correct code -
(1) (A) and (C) (2) All (A), (B) and (C)
(3) (B) and (C) (4) (A) and (B)
(5) Question not attempted

10. During which Movement, people renounced British conferred titles and instead developed new titles like "Lokmanya", "Desh Bandhu", "Desh Priya" and "Punjab Kesari"?
(1) Quit India Movement
(2) Kheda Movement
(3) Civil Disobedience Movement
(4) Non-cooperation Movement
(5) Question not attempted

5. किस गुप्तकालीन खगोलशास्त्री ने अपनी पुस्तक में खगोलीय यंत्रों का उल्लेख किया है?
(1) वराहमिहिर (2) आर्यभट्ट
(3) ब्रह्मगुप्त (4) सुश्रुत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. कुसुलधान्य निम्नलिखित में से किस आश्रम का एक प्रकार है?
(1) ब्रह्मचर्य (2) वानप्रस्थ
(3) गृहस्थ (4) संन्यास
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. 1925 ईस्वी में, प्रसिद्ध उदारवादी नेता सुरेन्द्रनाथ बनर्जी द्वारा लिखित आत्मकथा का नाम क्या था?
(1) ए नेशन इन मेकिंग
(2) माय कन्ट्री माय लाईफ
(3) एन इंडियन पिलग्रिम
(4) इंडिया विन्स फ्रीडम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. उपनयन संस्कार के दौरान, गुरु विद्यार्थी को कौनसे मंत्र की शिक्षा गुरु मंत्र में देते थे?
(1) सरस्वती बीज मंत्र (2) गणेश मंत्र
(3) सावित्री मंत्र (4) अग्नि मंत्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. मौर्य इतिहास के स्रोतों से संबंधित कौनसे कथन सत्य हैं?
(A) अशोक के 9वें शिलालेख के अनुसार, दासों के प्रति अच्छा व्यवहार भी धम्म का ही अनुशीलन है।
(B) कनगनहल्ली, कर्नाटक से अशोक की एक प्रस्तर प्रतिमा प्राप्त हुई है।
(C) कलसी, उत्तराखण्ड से अशोक के शिलालेख प्राप्त हुए हैं।
सही कूट पहचानिए –
(1) (A) और (C) (2) सभी (A), (B) और (C)
(3) (B) और (C) (4) (A) और (B)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. किस आंदोलन के दौरान, लोगों ने ब्रिटिश उपाधियों को त्याग दिया और नई उपाधियाँ जैसे "लोकमान्य", "देशबन्धु", "देशप्रिया" और "पंजाब केसरी" विकसित कीं?
(1) भारत छोड़ो आन्दोलन
(2) खेड़ा आन्दोलन
(3) सविनय अवज्ञा आन्दोलन
(4) असहयोग आन्दोलन
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

11. "Ghurabs" and "Gallivats" were the part of which wing of the armed forces of Shivaji?

(1) Cavalry (2) Navy

(3) Infantry (4) Artillery

(5) Question not attempted

12. Which of the following statements regarding the provisions of the Treaty of Versailles is NOT correct?

(1) Germany had to cede the provinces of Alsace and Lorraine to France.

(2) A large part of West Prussia was given to Poland.

(3) Danzig was placed under British authority as an independent town.

(4) Eupen and Malmedy were ceded to Belgium.

(5) Question not attempted

13. Consider the following statements for the line "Samandar lagi aagi..." (Fire in the ocean) associated with Bhakti Movement saint -

(A) This is Kabir's "Ulat Bansi" composition.

(B) This is Raidas's Sagun (devotional) composition.

(C) Above mentioned line shows mystical experiences.

Choose the correct code -

(1) Only (A), (C) are true

(2) Only (B), (C) are true

(3) All three (A), (B) and (C) are true

(4) Only (A) is true

(5) Question not attempted

14. Match the following -

| **List-A Revolutionary event** | **List-B Revolutionaries related to event** |
|---|---|
| (A) Kakori Case | (i) Suryasen |
| (B) Lahore Conspiracy | (ii) Prafulla Chaki, Khudiram Bose |
| (C) Chittagong Armoury Raid | (iii) Bhagat Singh, Rajguru, Sukhdev |
| (D) Alipore Conspiracy | (iv) Ashfaqulla Khan, Ramprasad, Rajendra Lahiri, Roshan Singh |

Choose the correct code -

(1) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(iv), (D)-(i)

(2) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(iii)

(3) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)

(4) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(i), (D)-(ii)

(5) Question not attempted

11. "घुराब" और "गैलिवैट" शिवाजी की किस सशस्त्र सेना के अंग थे?

(1) घुड़ सेना (2) नौसेना

(3) पदाति सेना (4) तोपखाना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. वर्साय की संधि के प्रावधानों के बारे में, निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है?

(1) जर्मनी को अलसैस और लोरेन के प्रान्त फ्रान्स को सौंपने पड़े।

(2) पश्चिमी प्रशा का बड़ा भाग पोलैण्ड को दिया गया।

(3) डेंज़िग को स्वतंत्र नगर के रूप में ब्रिटेन के अधिकार में रखा गया।

(4) यूपेन व मालमेडी, बेल्जियम को सौंप दिये गये।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. "समंदर लागी आगि...." (समुद्र में आग लग गई है) भक्ति आंदोलन के संत की पंक्ति से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

(A) यह कबीर की "उलट बाँसी" रचना है।

(B) यह रैदास की सगुण (भक्ति–प्रधान) रचना है।

(C) उक्त पंक्ति रहस्यवादी अनुभूतियों को दर्शाती है।

सही कूट चुनिए –

(1) केवल (A), (C) सत्य हैं

(2) केवल (B), (C) सत्य हैं

(3) तीनों (A), (B) और (C) सत्य हैं

(4) केवल (A) सत्य है

(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए –

| **सूची–A क्रांतिकारी घटना** | **सूची–B घटना से संबंधित क्रांतिकारी** |
|---|---|
| (A) काकोरी कांड | (i) सूर्यसेन |
| (B) लाहौर षड्यंत्र | (ii) प्रफुल्ल चाकी, खुदीराम बोस |
| (C) चटगाँव शस्त्रालय पर छापा | (iii) भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव |
| (D) अलीपुर षड्यंत्र | (iv) अशफ़ाक उल्ला खाँ, रामप्रसाद, राजेन्द्र लाहिड़ी, रोशन सिंह |

सही कूट चुनिए –

(1) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(iv), (D)-(i)

(2) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(iii)

(3) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)

(4) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(i), (D)-(ii)

(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

15. The Shore temple of Mahabalipuram is an example of which of the following temple styles?
(1) Rajasimha style
(2) Mamalla style
(3) Aparajita style
(4) Mahendravarman style
(5) Question not attempted

16. When did the meeting of "Estates General" began during the reign of Louis XVI?
(1) July 1788
(2) August 1788
(3) April 1789
(4) May 1789
(5) Question not attempted

17. Arrange the following places of the Revolt of 1857 in chronological order according to the beginning of the outbreak of the revolt and select the correct answer -
(A) Kanpur
(B) Raniganj
(C) Aligarh
(D) Lucknow
(1) (D), (A), (C), (B)
(2) (C), (D), (A), (B)
(3) (D), (C), (A), (B)
(4) (C), (A), (B), (D)
(5) Question not attempted

18. The parallel government established in Gujarat (Ahmedabad) during the Quit India Movement was called as -
(1) Seva Dal
(2) Azad Sarkar
(3) Jatiya Sarkar
(4) Swaraj Panchayat
(5) Question not attempted

19. Match the following Sites of the Indus Valley Civilization in List-A to Contents in List-B -

| List-A | List-B |
| --- | --- |
| (A) Kalibanga | (i) Sign Board |
| (B) Dholavira | (ii) 5 archaeological mounds |
| (C) Rakhigarhi | (iii) On the banks of river Ghaggar |
| (D) Banawali | (iv) Terracotta model of a plough |

Choose the correct option -
(1) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(i), (D)-(iv)
(2) (A)-(iv), (B)-(ii), (C)-(i), (D)-(iii)
(3) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iv)
(4) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)
(5) Question not attempted

20. In which year was the 'Startup India' initiative launched in India?
(1) 2024
(2) 2014
(3) 2016
(4) 2019
(5) Question not attempted

15. महाबलीपुरम का शोर मंदिर, निम्नलिखित में से किस मंदिर शैली का उदाहरण है?
(1) राजसिंह शैली
(2) मामल्ल शैली
(3) अपराजिता शैली
(4) महेन्द्रवर्मन शैली
(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. लुई सोलहवें के शासनकाल में, "एस्टेट्स जनरल" की बैठक कब आरंभ हुई थी?
(1) जुलाई 1788
(2) अगस्त 1788
(3) अप्रैल 1789
(4) मई 1789
(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. 1857 के विद्रोह के निम्नलिखित स्थानों को विद्रोह के आरंभ होने के समय के अनुसार कालानुक्रमिक व्यवस्थित करें और सही उत्तर का चयन करें –
(A) कानपुर
(B) रानीगंज
(C) अलीगढ़
(D) लखनऊ
(1) (D), (A), (C), (B)
(2) (C), (D), (A), (B)
(3) (D), (C), (A), (B)
(4) (C), (A), (B), (D)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान, गुजरात (अहमदाबाद) में स्थापित समानांतर सरकार को कहा जाता था –
(1) सेवा दल
(2) आज़ाद सरकार
(3) जातीय सरकार
(4) स्वराज पंचायत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. सिन्धु घाटी सभ्यता के स्थल जो कि सूची–A में दिए गए हैं उनको सूची–B की विषयवस्तु से सुमेलित कीजिए –

| सूची–A | सूची–B |
| --- | --- |
| (A) कालीबंगा | (i) नाम पट्टिका |
| (B) धोलावीरा | (ii) 5 पुरातात्विक टीले |
| (C) राखीगढ़ी | (iii) घग्गर नदी के तट पर |
| (D) बनावली | (iv) हल का एक टेराकोटा मॉडल |

सही विकल्प चुनिए –
(1) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(i), (D)-(iv)
(2) (A)-(iv), (B)-(ii), (C)-(i), (D)-(iii)
(3) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iv)
(4) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. भारत में 'स्टार्टअप इंडिया' पहल किस वर्ष शुरू की गई?
(1) 2024
(2) 2014
(3) 2016
(4) 2019
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

21. The correct order of the following peninsular hills from north to south is -
(1) Nallamalai, Palkonda, Shevaroy, Javadi
(2) Shevaroy, Javadi, Palkonda, Nallamalai
(3) Nallamalai, Palkonda, Javadi, Shevaroy
(4) Palkonda, Nallamalai, Javadi, Shevaroy
(5) Question not attempted

22. According to Census-2011, the child sex-ratio in Rural and Urban area in Rajasthan in the year 2011 was -

| | Rural | | Urban |
|---|---|---|---|
| (1) | 892 | - | 874 |
| (2) | 890 | - | 874 |
| (3) | 933 | - | 914 |
| (4) | 888 | - | 872 |

(5) Question not attempted

23. **Assertion (A) :** High-magnitude, deep focus earthquakes are found along the constructive plate boundaries.
**Reason (R) :** Plates collide with each other leading to the subduction of one plate below the other.
(1) (A) is true but (R) is false
(2) (A) is false but (R) is true
(3) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A)
(4) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)
(5) Question not attempted

24. According to the India State of Forest Report-2023, which state of India has highest percentage of recorded forest area to its total geographical area?
(1) Arunachal Pradesh (2) Sikkim
(3) Madhya Pradesh (4) Manipur
(5) Question not attempted

25. At what intervals do neap tides recur?
(1) 6 months (2) 24 hours 52 minutes
(3) 12 hours 26 minutes (4) Fortnight
(5) Question not attempted

26. Which among the following is NOT correctly matched?

| | Soil (As per USDA Classification) | | Distribution |
|---|---|---|---|
| (1) | Alfisols | - | Tonk, Karauli, Dausa |
| (2) | Inceptisols | - | Jalore, Balotra, Sikar |
| (3) | Entisols | - | Jaisalmer, Barmer, Bikaner |
| (4) | Vertisols | - | Jhalawar, Kota, Bundi |

(5) Question not attempted

21. निम्नलिखित प्रायद्वीपीय पहाड़ियों का उत्तर से दक्षिण का सही क्रम है –
(1) नल्लामलाई, पालकोण्डा, शेवरॉय, जावदी
(2) शेवरॉय, जावदी, पालकोण्डा, नल्लामलाई
(3) नल्लामलाई, पालकोण्डा, जावदी, शेवरॉय
(4) पालकोण्डा, नल्लामलाई, जावदी, शेवरॉय
(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. जनगणना–2011 के अनुसार, राजस्थान में ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में वर्ष 2011 में बाल लिंगानुपात था –

| | ग्रामीण | | नगरीय |
|---|---|---|---|
| (1) | 892 | - | 874 |
| (2) | 890 | - | 874 |
| (3) | 933 | - | 914 |
| (4) | 888 | - | 872 |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

23. **अभिकथन (A) :** अधिक गहरे उद्गम केन्द्रित उच्च तीव्रता वाले भूकम्प, संरचनात्मक प्लेट सीमाओं पर आते हैं।
**कारण (R) :** प्लेटों के आपस में टकराने से एक प्लेट का क्षेपण दूसरी प्लेट के नीचे हो जाता है।
(1) (A) सत्य है किन्तु (R) असत्य है
(2) (A) असत्य है किन्तु (R) सत्य है
(3) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है
(4) (A) और (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(5) अनुत्तरित प्रश्न

24. इण्डिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट–2023 के अनुसार, भारत के किस राज्य में उसके कुल भौगोलिक क्षेत्रफल में अभिलेखित वन क्षेत्र का प्रतिशत सर्वाधिक था?
(1) अरुणाचल प्रदेश (2) सिक्किम
(3) मध्य प्रदेश (4) मणिपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

25. लघु ज्वार की कितने अंतराल पर पुनरावृत्ति होती है?
(1) 6 महीने
(3) 12 घंटे 26 मिनट (2) 24 घंटे 52 मिनट
(5) अनुत्तरित प्रश्न (4) पखवाड़ा

26. निम्नलिखित में से कौनसा सुमेलित नहीं है?

| | मृदा (यू.एस.डी.ए. वर्गीकरण के अनुसार) | | वितरण |
|---|---|---|---|
| (1) | अल्फिसोल्स | – | टोंक, करौली, दौसा |
| (2) | इनसेप्टिसोल्स | – | जालौर, बालोतरा, सीकर |
| (3) | एंटिसोल्स | – | जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर |
| (4) | वर्टिसोल्स | – | झालावाड़, कोटा, बूंदी |

(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

27. Which is NOT a correct match?

| Local wind | | Country |
|---|---|---|
| (1) Purga | - | Portugal |
| (2) Tehuantepecer | - | Mexico |
| (3) Zonda | - | Argentina |
| (4) Yamo | - | Japan |

(5) Question not attempted

28. 'Appleton layer' is found in -
(1) Mesosphere (2) Troposphere
(3) Ionosphere (4) Exosphere
(5) Question not attempted

29. According to Eduard Suess, which statement is incorrect regarding Sima layer?
(1) There is an abundance of basic matter in this layer.
(2) This layer is mostly composed of granite rocks.
(3) The average density of this layer is between 2.9 to 4.7.
(4) Sima layer is located just below the Sial layer.
(5) Question not attempted

30. Which among the following deep/trench is located near the equator in the Atlantic Ocean?
(1) South Sandwich (2) Romanche
(3) Puerto Rico (4) Cayman
(5) Question not attempted

31. Which among the following is/are longitudinal sand dunes found in Western Rajasthan?
(A) Seif (B) Vegetated linear
(C) Barkhan (D) Lee-linear
Select the correct answer using the code given below.
**Code -**
(1) Only (A) (2) (A), (B) and (D)
(3) (B), (C) and (D) (4) (A), (B), (C) and (D)
(5) Question not attempted

32. In which among the following state was the highest increase in the sex ratio observed in Census of 2011 as compared to the Census of 2001?
(1) Arunachal Pradesh (2) Nagaland
(3) Mizoram (4) Kerala
(5) Question not attempted

27. कौनसा सही सुमेलित नहीं है?

| स्थानीय पवन | | देश |
|---|---|---|
| (1) पुर्गा | – | पुर्तगाल |
| (2) तेहुन्तेपेसर | – | मेक्सिको |
| (3) ज़ोंडा | – | अर्जेंटीना |
| (4) यामो | – | जापान |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

28. 'एप्लेटन परत' पायी जाती है –
(1) मध्यमण्डल में (2) क्षोभमण्डल में
(3) आयनमण्डल में (4) बहिर्मण्डल में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

29. एडवर्ड स्वेस के अनुसार, सीमा (Sima) परत के सन्दर्भ में कौनसा कथन असत्य है?
(1) इस परत में क्षारीय पदार्थों की प्रचुरता होती है।
(2) इस परत की रचना अधिकांशतः ग्रेनाइट चट्टान से हुई है।
(3) इस परत का औसत घनत्व 2.9 से 4.7 के मध्य है।
(4) सियाल परत के ठीक नीचे सीमा परत स्थित होती है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

30. अटलाण्टिक महासागर में, निम्नलिखित में से कौनसा गर्त/खाई भूमध्य रेखा के निकट अवस्थित है?
(1) दक्षिण सैण्डविच (2) रोमांशे
(3) प्यूर्टो रिको (4) केमैन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

31. पश्चिमी राजस्थान में, निम्नलिखित में से किस प्रकार के पवनानुवर्ती बालुका स्तूप पाये जाते है/हैं?
(A) सीफ (B) वनस्पतियुक्त रेखीय
(C) बरखान (D) पवनविमुख रेखीय
नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए।
**कूट –**
(1) केवल (A) (2) (A), (B) तथा (D)
(3) (B), (C) तथा (D) (4) (A), (B), (C) तथा (D)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

32. जनगणना 2011 में, जनगणना 2001 की तुलना में, निम्नलिखित में से किस राज्य में लिंगानुपात में सर्वाधिक वृद्धि अंकित की गई?
(1) अरुणाचल प्रदेश (2) नागालैण्ड
(3) मिज़ोरम (4) केरल
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

33. Which among the following statement is NOT correct about the sub-tropical high-pressure belt?
(1) This belt is also called horse latitudes.
(2) It extends between the latitudes of 25° to 35° in both hemispheres.
(3) This owes its origin to the revolution of the Earth.
(4) This belt is not thermally induced.
(5) Question not attempted

34. When it is noon (12) in London, what will be the local time in Chennai (80°E) and New York (74°W) respectively?
(1) 5:04 PM and 7:12 AM
(2) 5:20 PM and 7:04 AM
(3) 7:12 PM and 5:20 AM
(4) 7:04 PM and 5:24 AM
(5) Question not attempted

35. Which among the following is NOT matched correctly?

| | Place | | Normal dates of onset of south-west monsoon |
|---|---|---|---|
| (1) | Chennai | - | Between 25 May and 1 June |
| (2) | Nagpur | - | Between 10 June and 15 June |
| (3) | Bengaluru | - | Between 1 June and 5 June |
| (4) | Imphal | - | Between 5 June and 10 June |

(5) Question not attempted

36. 'Nuee Ardente' is associated with which type of volcanic eruptions?
(1) Hawaiian type
(2) Vulcanian type
(3) Strombolian type
(4) Pelean type
(5) Question not attempted

37. Which of the following is NOT a correct statement?
(1) There is antipodal situation of continents and oceans on the earth.
(2) The North Pole and South Pole are surrounded by oceanic water.
(3) Roughly, the oceans are also triangular in shape.
(4) Continents are arranged in a roughly triangular shape. Australia and Antarctica are the exceptions to this rule.
(5) Question not attempted

38. Which among the following is NOT correctly matched?

| | Copper Reserve Area | | District |
|---|---|---|---|
| (1) | Wari | - | Chittorgarh |
| (2) | Devpura-Banera | - | Bhilwara |
| (3) | Dholamala | - | Sawai Madhopur |
| (4) | Hanotiya | - | Ajmer |

(5) Question not attempted

33. उपोष्णकटिबन्धीय उच्च–दाब मेखला के संबंध में, निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?
(1) यह मेखला अश्व अक्षांश भी कहलाती है।
(2) यह दोनों गोलार्द्धों में 25° से 35° अक्षांशों के मध्य विस्तृत है।
(3) इसकी उत्पत्ति का कारण पृथ्वी का परिक्रमण है।
(4) यह मेखला तापीय जन्य नहीं है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

34. जब लन्दन में दोपहर के 12 बजे हैं, तो चेन्नई (80° पूर्व) तथा न्यूयॉर्क (74° पश्चिम) में स्थानीय समय क्रमशः क्या होगा?
(1) 5:04 PM तथा 7:12 AM
(2) 5:20 PM तथा 7:04 AM
(3) 7:12 PM तथा 5:20 AM
(4) 7:04 PM तथा 5:24 AM
(5) अनुत्तरित प्रश्न

35. निम्नलिखित में से कौनसा सुमेलित नहीं है?

| | स्थान | | दक्षिण–पश्चिम मानसून के शुरुआत की सामान्य तिथियां |
|---|---|---|---|
| (1) | चेन्नई | – | 25 मई तथा 1 जून के मध्य |
| (2) | नागपुर | – | 10 जून तथा 15 जून के मध्य |
| (3) | बेंगलुरु | – | 1 जून तथा 5 जून के मध्य |
| (4) | इम्फाल | – | 5 जून तथा 10 जून के मध्य |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

36. 'नुई आर्डेंटे' किस प्रकार के ज्वालामुखी उद्‌भेदनों से संबंधित है?
(1) हवाईयन तुल्य
(2) वल्कैनियन तुल्य
(3) स्ट्रॉम्बोलियन तुल्य
(4) पीलियन तुल्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

37. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?
(1) पृथ्वी पर महाद्वीप तथा महासागर एक–दूसरे के प्रतिध्रुव स्थिति पर हैं।
(2) उत्तरी ध्रुव तथा दक्षिणी ध्रुव के चतुर्दिक समुद्री जल का विस्तार है।
(3) मोटे तौर पर, महासागर भी त्रिभुजाकार हैं।
(4) महाद्वीपीय भाग मोटे तौर पर त्रिभुजाकार आकृति में फैले हैं। ऑस्ट्रेलिया तथा अंटार्कटिका इस नियम के अपवाद हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

38. निम्नलिखित में से कौनसा सुमेलित नहीं है?

| | तांबा जमाव क्षेत्र | | जिला |
|---|---|---|---|
| (1) | वारी | – | चित्तौड़गढ़ |
| (2) | देवपुरा–बनेड़ा | – | भीलवाड़ा |
| (3) | धोलामाला | – | सवाई माधोपुर |
| (4) | हनोतिया | – | अजमेर |

(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

**39.** Which of the following statements are true with respect to the market supply of a commodity?

(a) The market supply curve of a commodity is obtained by the vertical summation of individual producers' supply curves.

(b) The market supply curve depends on the number of producers of the commodity in the market.

(c) The market supply curve will shift when, over a time, some producers enter or leave the market.

Select the correct option -

**(1)** Only (b) is correct

**(2)** Only (a) and (b) are correct

**(3)** Only (b) and (c) are correct

**(4)** (a), (b) and (c) all are correct

**(5)** Question not attempted

**40.** Consider the following statements about India's Maternal Mortality Rate (MMR) and Infant Mortality Rate (IMR) as per Economic survey 2025-26 and select the correct answer using the code given below -

(a) India's Maternal Mortality Rate (MMR) has declined by 86% since 1990.

(b) India's Infant Mortality Rate (IMR) has declined from 40 deaths per thousand live births in 2013 to 30 deaths per thousand live births in 2023.

**Code -**

**(1)** Only (a) is correct

**(2)** Only (b) is correct

**(3)** Both (a) and (b) are incorrect

**(4)** Both (a) and (b) are correct

**(5)** Question not attempted

**41.** As per the Economic Survey 2025-26, which sub-sectors of the service sector has exhibited the highest contribution to Nominal Gross Domestic Product (GDP) during the financial year 2025 (Provisional Estimates (PE))?

**(1)** Communication and services related to broadcasting

**(2)** Public Administration, Defence and other Services

**(3)** Trade, Hotels and Transport

**(4)** Financial, Real Estate and Professional Services

**(5)** Question not attempted

**42.** In the year 2025, Government of India consolidated how many labour laws into four labour codes?

**(1)** 29

**(2)** 35

**(3)** 22

**(4)** 41

**(5)** Question not attempted

**39.** वस्तु की बाजार पूर्ति के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौनसे कथन सत्य हैं?

(a) बाजार में किसी वस्तु के पूर्ति वक्र को, व्यक्तिगत उत्पादकों के पूर्ति वक्रों के लम्बवत योग के द्वारा प्राप्त किया जाता है।

(b) बाजार पूर्ति वक्र, बाजार में वस्तु के उत्पादकों की संख्या पर निर्भर करता है।

(c) समय के साथ कुछ उत्पादकों के बाजार में प्रवेश करने या बाहर जाने पर बाजार पूर्ति वक्र विवर्तित हो जाता है।

सही विकल्प चुनिये –

**(1)** केवल (b) सही है

**(2)** केवल (a) व (b) सही हैं

**(3)** केवल (b) व (c) सही हैं

**(4)** (a), (b) व (c) सभी सही हैं

**(5)** अनुत्तरित प्रश्न

**40.** आर्थिक समीक्षा 2025-26 के अनुसार, भारत में मातृत्व मृत्युदर (एम.एम.आर.) और शिशु मृत्युदर (आई.एम.आर.) के संबंध में, निम्न कथनों पर विचार करें तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये –

(a) भारत में मातृत्व मृत्युदर (एम.एम.आर.) 1990 से 86 प्रतिशत घट गई है।

(b) भारत में शिशु मृत्युदर (आई.एम.आर.) 2013 में प्रति हजार जीवित जन्मों पर 40 मौतों से घटकर 2023 में प्रति हजार जीवित जन्मों पर 30 मौतों तक आ गई।

**कूट –**

**(1)** केवल (a) सही है

**(2)** केवल (b) सही है

**(3)** (a) और (b) दोनों गलत हैं

**(4)** (a) और (b) दोनों सही हैं

**(5)** अनुत्तरित प्रश्न

**41.** आर्थिक समीक्षा 2025-26 के अनुसार, सेवा क्षेत्र के कौनसे उप–क्षेत्रों ने वित्तीय वर्ष 2025 (अनंतिम अनुमान) के दौरान मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद में उच्चतम योगदान प्रदर्शित किया है?

**(1)** संचार और प्रसारण से सम्बन्धित सेवाएं

**(2)** लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएं

**(3)** व्यापार, होटल और परिवहन

**(4)** वित्तीय, वास्तविक परिसंपदा और व्यावसायिक सेवाएँ

**(5)** अनुत्तरित प्रश्न

**42.** वर्ष 2025 में, भारत सरकार ने कितने श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में समेकित किया है?

**(1)** 29

**(2)** 35

**(3)** 22

**(4)** 41

**(5)** अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

43. Structural Inflation can be caused due to -
(a) Increase in money supply
(b) Immobility of factors of production
(c) Rigidities in social structure
Choose the correct option -
(1) Only (b) and (c) are correct
(2) Only (a) and (c) are correct
(3) Only (a) and (b) are correct
(4) All (a), (b) and (c) are correct
(5) Question not attempted

44. To ensure remunerative prices to farmers, the Central Government announces minimum support price for 22 notified crops, of which number of Kharif, Rabi and Commercial crops respectively are -
(1) 13, 6, 3
(2) 16, 4, 2
(3) 14, 6, 2
(4) 15, 4, 3
(5) Question not attempted

45. Consider the following statements regarding National Mission on Manufacturing as per Economic Survey 2025-26 -
(a) The National Mission on Manufacturing was announced in the Union Budget 2024-25.
(b) It aims to double the contribution of manufacturing sector to Gross Domestic Product (GDP) by 2047.
Choose the correct option -
(1) Both (a) and (b) are correct
(2) Both (a) and (b) are incorrect
(3) Only (a) is correct
(4) Only (b) is correct
(5) Question not attempted

46. Credit expansion will increase the investment activities, when the Central Bank -
(a) lowers the bank rate
(b) increases the bank rate
(c) opens market sales of securities
(d) opens market purchases of securities
Choose the correct option -
(1) Only (a) and (b) are correct
(2) Only (a) and (d) are correct
(3) Only (a) and (c) are correct
(4) Only (b) and (c) are correct
(5) Question not attempted

43. संरचनात्मक मुद्रास्फीति उत्पन्न होने के कारण हो सकते हैं –
(a) मुद्रा की पूर्ति में वृद्धि
(b) उत्पादन के साधनों की अगतिशीलता
(c) सामाजिक ढांचे में कठोरताएं
सही विकल्प चुनें –
(1) केवल (b) और (c) सही हैं
(2) केवल (a) और (c) सही हैं
(3) केवल (a) और (b) सही हैं
(4) (a), (b) और (c) सभी सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न

44. किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए, केंद्र सरकार 22 अधिसूचित फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा करती है, इसमें खरीफ, रबी एवं वाणिज्यिक फसलों की संख्या क्रमशः है –
(1) 13, 6, 3
(2) 16, 4, 2
(3) 14, 6, 2
(4) 15, 4, 3
(5) अनुत्तरित प्रश्न

45. आर्थिक समीक्षा 2025-26 के अनुसार, नेशनल मिशन ऑन मैन्युफैक्चरिंग के संबंध में निम्न कथनों पर विचार करें –
(a) नेशनल मिशन ऑन मैन्युफैक्चरिंग की घोषणा केन्द्रीय बजट 2024-25 में की गई थी।
(b) इसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) में विनिर्माण क्षेत्र के योगदान को दोगुना करना है।
सही विकल्प चुनिये –
(1) (a) और (b) दोनों सही हैं
(2) (a) और (b) दोनों गलत हैं
(3) केवल (a) सही है
(4) केवल (b) सही है
(5) अनुत्तरित प्रश्न

46. साख विस्तार से निवेश गतिविधियां बढ़ेंगी, जब केंद्रीय बैंक –
(a) बैंक दर घटाये
(b) बैंक दर बढ़ाये
(c) प्रतिभूतियों को खुले बाजार में बेचे
(d) प्रतिभूतियों को खुले बाजार से खरीदे
सही विकल्प चुनें –
(1) केवल (a) और (b) सही हैं
(2) केवल (a) और (d) सही हैं
(3) केवल (a) और (c) सही हैं
(4) केवल (b) और (c) सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

**47.** Which of the following expressions are correct about National Income aggregates?

(a) Net National Product at Market Prices – Net Indirect Taxes = National Income

(b) Gross National Product at Market Prices – Net Factor Income from Abroad = Gross Domestic Product at Market Prices

(c) Net Domestic Product at Market Prices + Indirect Taxes – Subsidies = Net Domestic Product at Factor Cost

Choose the correct answer -

**(1)** Only (a) and (c) are correct

**(2)** Only (b) and (c) are correct

**(3)** (a), (b) and (c) all are correct

**(4)** Only (a) and (b) are correct

**(5)** Question not attempted

**48.** Which of the following is NOT correct?

**(1)** If $N_1=25$, $\overline{X}_1=61$, $N_2=35$ and $\overline{X}_2=58$, then $\overline{X}_{12}=59.25$

**(2)** $\overline{X}_{12}=\frac{N_1\overline{X}_1+N_2\overline{X}_2}{N_1 . N_2}$

**(3)** $\sum(X-\overline{X})^2$ is minimum.

**(4)** $\sum(X-\overline{X})=0$

**(5)** Question not attempted

**49.** Which of the following statements is NOT correct with regard to the Goods and Services Tax (GST) Council in India?

**(1)** The Union Minster of State in charge of Revenue or Finance is a member of the GST Council.

**(2)** The Prime Minister is the Chairman of the GST Council.

**(3)** The office of the Secretariat of GST Council is located in New Delhi.

**(4)** The Union Government approved setting up of GST Council on 12 September 2016.

**(5)** Question not attempted

**47.** निम्न में से कौनसी अभिव्यंजनाएं, राष्ट्रीय आय समग्र के बारे में सही हैं?

(a) बाजार कीमतों पर विशुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद – विशुद्ध परोक्ष कर = राष्ट्रीय आय

(b) बाजार कीमतों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद – विदेशों से प्राप्त विशुद्ध साधन आय = बाजार कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद

(c) बाजार कीमतों पर विशुद्ध घरेलू उत्पाद + परोक्ष कर – अनुदान = साधन लागत पर विशुद्ध घरेलू उत्पाद

सही उत्तर चुनिये –

**(1)** केवल (a) और (c) सही हैं

**(2)** केवल (b) और (c) सही हैं

**(3)** (a), (b) और (c) सभी सही हैं

**(4)** केवल (a) और (b) सही हैं

**(5)** अनुत्तरित प्रश्न

**48.** निम्न में से कौनसा सही नहीं है?

**(1)** यदि $N_1=25$, $\overline{X}_1=61$, $N_2=35$ एवं $\overline{X}_2=58$ हो, तो $\overline{X}_{12}=59.25$

**(2)** $\overline{X}_{12}=\frac{N_1\overline{X}_1+N_2\overline{X}_2}{N_1 . N_2}$

**(3)** $\sum(X-\overline{X})^2$ न्यूनतम होता है।

**(4)** $\sum(X-\overline{X})=0$

**(5)** अनुत्तरित प्रश्न

**49.** भारत में वस्तुओं और सेवाओं पर कर (जी.एस.टी.) परिषद के सम्बन्ध में, निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?

**(1)** राजस्व या वित्त के प्रभारी केंद्रीय राज्य मंत्री जी.एस.टी. परिषद के सदस्य होते हैं।

**(2)** प्रधानमंत्री जी.एस.टी. परिषद के अध्यक्ष होते हैं।

**(3)** जी.एस.टी. परिषद के सचिवालय का कार्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

**(4)** केंद्र सरकार ने 12 सितम्बर 2016 को जी.एस.टी. परिषद के गठन की स्वीकृति प्रदान की।

**(5)** अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

**50.** Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below -

| **List-I** **Type of Money** | **List-II** **Meaning** |
|---|---|
| (i) Fiat Money | (a) Money, which is accepted as the medium of exchange due to trust between payer & payee. |
| (ii) Fiduciary Money | (b) Money issued by the order of Government. |
| (iii) Full-Bodied Money | (c) Commodity value is equal to money value. |
| (iv) Credit Money | (d) Money value is more than commodity value. |

**Code -**

(1) (i)-(b), (ii)-(a), (iii)-(c), (iv)-(d)
(2) (i)-(a), (ii)-(b), (iii)-(d), (iv)-(c)
(3) (i)-(b), (ii)-(c), (iii)-(d), (iv)-(a)
(4) (i)-(a), (ii)-(c), (iii)-(d), (iv)-(b)
(5) Question not attempted

**51.** Given the market demand for a commodity, a decrease in market supply leads to -

(1) increase in equilibrium quantity.
(2) decrease in both equilibrium price and equilibrium quantity.
(3) reduction in equilibrium price.
(4) increase in equilibrium price but decrease in equilibrium quantity.
(5) Question not attempted

**52.** Which one of the following statements is NOT correct regarding India's Inequality Adjusted Education Index for the year 2023 as given in Human Development Report, 2025?

(1) The value of this index for India is more than that of Nepal.
(2) The value of this index for India is 0.472.
(3) The value of this index for India is more than that of Bangladesh.
(4) The value of this index for India is more than that of Bhutan.
(5) Question not attempted

**50.** सूची-I का सूची-II से सुमेलन कीजिए और नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए –

| **सूची-I** **मुद्रा का प्रकार** | **सूची-II** **अर्थ** |
|---|---|
| (i) अधिदिष्ट मुद्रा | (a) मुद्रा, जिसे भुगतानकर्ता और प्राप्तकर्ता के बीच विश्वास के कारण विनिमय के माध्यम के रूप में स्वीकार किया जाता है। |
| (ii) न्यासी मुद्रा | (b) सरकार के आदेश के द्वारा जारी की गई मुद्रा। |
| (iii) पूर्णकाय मुद्रा | (c) वस्तु का मूल्य मुद्रा के मूल्य के बराबर होता है। |
| (iv) साख मुद्रा | (d) मुद्रा का मूल्य वस्तु के मूल्य से अधिक होता है। |

**कूट –**

(1) (i)-(b), (ii)-(a), (iii)-(c), (iv)-(d)
(2) (i)-(a), (ii)-(b), (iii)-(d), (iv)-(c)
(3) (i)-(b), (ii)-(c), (iii)-(d), (iv)-(a)
(4) (i)-(a), (ii)-(c), (iii)-(d), (iv)-(b)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**51.** वस्तु की बाजार माँग दी हुई होने पर, बाजार आपूर्ति घटने पर –

(1) साम्य मात्रा बढ़ जाती है।
(2) साम्य कीमत एवं साम्य मात्रा दोनों में कमी आती है।
(3) साम्य कीमत में कमी होती है।
(4) साम्य कीमत बढ़ जाती है लेकिन साम्य मात्रा में कमी आती है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**52.** निम्न में से कौनसा एक कथन मानव विकास रिपोर्ट 2025 के अनुसार, वर्ष 2023 के लिए भारत के लिए असमानता–समायोजित शिक्षा सूचकांक के संबंध में सही नहीं है?

(1) भारत के लिए इस सूचकांक का मान नेपाल के सूचकांक से अधिक है।
(2) भारत के लिए इस सूचकांक का मान 0.472 है।
(3) भारत के लिए इस सूचकांक का मान बांग्लादेश के सूचकांक से अधिक है।
(4) भारत के लिए इस सूचकांक का मान भूटान के सूचकांक से अधिक है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

53. Which of the following statements are true regarding mode?
(a) The mode is not unduly affected by extreme values.
(b) Its value can be determined for an open-end distribution without ascertaining class limit.
(c) The value of mode cannot be determined graphically.
(d) Mode is most representative value of distribution.
Choose the correct option -
(1) (a), (c) and (d) are correct
(2) (a), (b) and (d) are correct
(3) (b), (c) and (d) are correct
(4) (a), (b) and (c) are correct
(5) Question not attempted

54. The relationship among Mean ($\bar{X}$), Median (M) and Mode (Z) in symmetrical frequency distribution is -
(1) $X - Z = 3(\bar{X} - M)$
(2) $\bar{X} - M = 3(\bar{X} - Z)$
(3) $\bar{X} = M = Z$
(4) $\bar{X} > M > Z$
(5) Question not attempted

55. Which of the following market transactions are NOT included while calculating National Income?
(a) Unexpected gains and losses
(b) Transfer payments
(c) Income from illegal activities
Choose the correct option -
(1) All (a), (b) and (c) are correct
(2) Only (a) and (b) are correct
(3) Only (b) and (c) are correct
(4) Only (a) and (c) are correct
(5) Question not attempted

56. The National Multidimensional Poverty Index in India measures deprivation in which of the following areas?
(1) Health, education and drinking water supply
(2) Education, consumption level and income level
(3) Health, longevity and standard of living
(4) Health, education and standard of living
(5) Question not attempted

57. Net Time Deposits of Commercial Banks are constituent of which measures of money supply?
(1) $M_3$ and $M_4$
(2) $M_2$ and $M_3$
(3) $M_1$ and $M_2$
(4) $M_4$ and $M_1$
(5) Question not attempted

53. निम्न में से कौनसे कथन बहुलक के बारे में सत्य हैं?
(a) बहुलक चरम मूल्यों से अनावश्यक रूप से प्रभावित नहीं होता है।
(b) इसके मूल्य का निर्धारण खुले सिरे वाले बंटन के लिए, वर्ग अंतराल का निर्धारण किये बिना किया जा सकता है।
(c) बहुलक के मूल्य का निर्धारण रेखाचित्र की सहायता से नहीं किया जा सकता है।
(d) बहुलक बंटन का सर्वाधिक प्रतिनिधित्व करने वाला मूल्य है।
सही विकल्प चुनिये –
(1) (a), (c) और (d) सही हैं
(2) (a), (b) और (d) सही हैं
(3) (b), (c) और (d) सही हैं
(4) (a), (b) और (c) सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न

54. सममित आवृत्ति बंटन में, माध्य ($\bar{X}$), माध्यिका (M) एवं बहुलक (Z) के मध्य सम्बन्ध होता है –
(1) $X - Z = 3(\bar{X} - M)$
(2) $\bar{X} - M = 3(\bar{X} - Z)$
(3) $\bar{X} = M = Z$
(4) $\bar{X} > M > Z$
(5) अनुत्तरित प्रश्न

55. राष्ट्रीय आय की गणना करते समय, निम्न में से कौनसे बाजार सौदों को शामिल नहीं किया जाता है?
(a) आकस्मिक लाभ और हानियाँ
(b) हस्तान्तरण भुगतान
(c) अवैध गतिविधियों से आय
सही विकल्प चुनें –
(1) (a), (b) और (c) सभी सही हैं
(2) केवल (a) और (b) सही हैं
(3) केवल (b) और (c) सही हैं
(4) केवल (a) और (c) सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न

56. भारत में राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक, निम्न में से किन क्षेत्रों में अभाव को मापता है?
(1) स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजलापूर्ति
(2) शिक्षा, उपभोग स्तर और आय का स्तर
(3) स्वास्थ्य, दीर्घायुत्व और जीवन स्तर
(4) स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. व्यापारिक बैंकों की विशुद्ध सावधि जमाएं मुद्रा की पूर्ति के किन मापों के घटक हैं?
(1) $M_3$ और $M_4$
(2) $M_2$ और $M_3$
(3) $M_1$ और $M_2$
(4) $M_4$ और $M_1$
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

58. Which one of the following statements is NOT correct regarding the Constitution (Eighty-Sixth Amendment) Act, 2002?
(1) This Act inserted a new Article 21A into Article 21.
(2) The 'Right to Education' was introduced by this Act.
(3) This Act came into force on 1st April 2010.
(4) This Act received the President's assent on 1st April 2002.
(5) Question not attempted

59. Which among the following statements is incorrect regarding the judicial interpretations of the Fundamental Right to Equality under Article 14 of the Constitution?
(1) It permits reasonable classification.
(2) Doctrine of 'Natural Justice' is implicit in it.
(3) It prohibits arbitrariness in state's actions.
(4) It applies on all the persons, whether citizens or non-citizens, but not on legal persons.
(5) Question not attempted

60. Consider the following statements regarding the provisions of the Panchayats (Extension to the Scheduled Areas) Act (PESA) -
(I) The provisions of the Panchayats (Extension to the Scheduled Areas) Act (PESA) came into force on 24 December 1996.
(II) The provisions of the Panchayats (Extension to the Scheduled Areas) Act (PESA) is applicable to 7 states of India.
Choose the correct statement/s given above -
(1) Neither (I) nor (II) is correct (2) Both (I) and (II) are correct
(3) Only (II) is correct (4) Only (I) is correct
(5) Question not attempted

61. In the year 2025-2026, India was a member of which of the following?
(1) United Nations Human Rights Council
(2) Non-permanent member of the Security Council
(3) United Nations Peace Building Commission
(4) United Nations Economic and Social Council
(5) Question not attempted

58. संविधान (छियासीवाँ संशोधन) अधिनियम, 2002 के संबंध में, निम्नलिखित कथनों में से कौनसा एक सही नहीं है?
(1) इस अधिनियम ने अनुच्छेद 21 में एक नया अनुच्छेद 21क जोड़ा।
(2) इस अधिनियम द्वारा 'शिक्षा का अधिकार' प्रस्तावित किया गया था।
(3) यह अधिनियम 1 अप्रैल 2010 को लागू हुआ।
(4) इस अधिनियम को 1 अप्रैल 2002 को राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त हुई।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

59. संविधान के अनुच्छेद 14 के अंतर्गत, समानता के मूल अधिकार के न्यायिक निर्वचनों से संबंधित, निम्नांकित कथनों में से कौनसा त्रुटिपूर्ण है?
(1) यह युक्तियुक्त वर्गीकरण की अनुमति देता है।
(2) 'नैसर्गिक न्याय' का सिद्धांत इसमें निहित है।
(3) यह राज्य की कार्रवाइयों में मनमानेपन का निषेध करता है।
(4) यह नागरिक या गैर–नागरिक, सभी व्यक्तियों पर लागू होता है, मगर विधिक व्यक्तियों पर नहीं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

60. पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम (पेसा) के उपबन्धों से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –
(I) पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम (पेसा) के उपबन्ध 24 दिसम्बर 1996 में लागू हुए।
(II) पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम (पेसा) के उपबन्ध भारत के 7 राज्यों में लागू हैं।
उपर्युक्त में से सही कथन/कथनों का चयन कीजिए –
(1) न तो (I) ना ही (II) सही है (2) (I) एवं (II) दोनों सही हैं
(3) केवल (II) सही है (4) केवल (I) सही है
(5) अनुत्तरित प्रश्न

61. वर्ष 2025-2026 में, भारत निम्नलिखित में से किसका सदस्य था?
(1) संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद
(2) सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य
(3) संयुक्त राष्ट्र शान्ति स्थापना आयोग
(4) संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

62. Who among the following scholars is the propounder of the "Scientific Value Relativism" theory?
(1) David Easton (2) Hannah Arendt
(3) Arnold Brecht (4) Michael Oakeshott
(5) Question not attempted

63. Which one of the following is NOT a characteristic of postmodernism?
(1) It stresses on the conditionality and historicity of theories.
(2) It privileges 'indeterminacy' instead of 'finality'.
(3) It focuses on the static objects or ideas instead of the processes of creation and interpretation.
(4) It opposes all 'canonical authority'.
(5) Question not attempted

64. Which one of the following operations is NOT associated with the elimination of Naxalism from India?
(1) Operation PRAHAAR
(2) Operation Steeplechase
(3) Operation Black Tornado
(4) Operation Thunderstorm
(5) Question not attempted

65. Which of the following statement is incorrect regarding short duration discussion in Lok Sabha?
(1) The time allotted for short duration discussion shall not exceed two hours.
(2) There is no formal motion or voting before the House under this provision.
(3) It is incorporated into the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha under Rule 377.
(4) The Members of Parliament can raise short duration discussion on a matter of urgent public importance.
(5) Question not attempted

66. With which neighbouring country in 2015, India ratified Land Boundary Agreement of 1974 and its Protocol of 2011 to settle all outstanding land boundary issues with it?
(1) Myanmar (2) Bangladesh
(3) Bhutan (4) Nepal
(5) Question not attempted

62. निम्नलिखित में से कौनसे विद्वान "वैज्ञानिक मूल्य सापेक्षवाद" सिद्धान्त के प्रतिपादक हैं?
(1) डेविड ईस्टन (2) हन्ना आरेन्ट
(3) अर्नाल्ड ब्रेश्ट (4) माइकल ओकशॉट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

63. निम्नलिखित में से कौनसा उत्तर-आधुनिकतावाद का एक लक्षण नहीं है?
(1) यह सिद्धांतों की सशर्तता और ऐतिहासिकता पर बल देता है।
(2) यह 'अंतिमता' के बजाय 'अनिश्चितता' को प्राथमिकता देता है।
(3) यह सृजन और व्याख्या की प्रक्रियाओं के बजाए स्थिर वस्तुओं या विचारों पर केन्द्रित है।
(4) यह सभी 'मानक प्राधिकारों' का विरोध करता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

64. निम्नलिखित में से कौनसा एक ऑपरेशन भारत से नक्सलवाद के खात्मे से जुड़ा नहीं है?
(1) ऑपरेशन प्रहार
(2) ऑपरेशन स्टीपलचेज़
(3) ऑपरेशन ब्लैक टॉरनेडो
(4) ऑपरेशन थंडरस्टॉर्म
(5) अनुत्तरित प्रश्न

65. लोकसभा में अल्पकालीन चर्चा के सम्बन्ध में, निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है?
(1) अल्पकालीन चर्चा के लिए आवंटित समय दो घण्टे से अधिक नहीं होगा।
(2) इस प्रावधान के तहत सदन के समक्ष कोई औपचारिक प्रस्ताव या मतदान नहीं होता।
(3) यह लोकसभा की कार्यप्रणाली और कार्यसंचालन के नियमों में, नियम 377 के तहत सम्मिलित है।
(4) संसद के सदस्य सार्वजनिक महत्व के किसी अत्यावश्यक मामले पर अल्पकालिक चर्चा कर सकते हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

66. सन् 2015 में, किस पड़ोसी देश के साथ भारत ने 1974 के भू-सीमा समझौते एवं इसके 2011 के प्रोटोकॉल का अनुसमर्थन किया, ताकि इसके साथ के समस्त मौजूदा भू-सीमा के मुद्दे सुलझाए जा सकें?
(1) म्यांमार (2) बांग्लादेश
(3) भूटान (4) नेपाल
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

67. In the context of the field of Political Science, which of the following pairs comprising an approach and its proponent, is NOT correct?
(1) The Sociological Approach - George E.G. Catlin
(2) The Historical Approach - George H. Sabine
(3) An Integrated Approach - Leo Strauss
(4) The Autonomous Character of Political Science - Norman Jacobson
(5) Question not attempted

68. Consider the following statements regarding the approaches of Political Science -
(I) The empirical approach remains largely descriptive, while the normative approach is mainly prescriptive.
(II) The empirical approach is concerned with those laws which are alterable, while the normative approach seeks to discover laws that are unalterable.
Choose the correct option -
(1) Both (I) and (II) are correct
(2) Only (II) is correct
(3) Only (I) is correct
(4) Neither (I) nor (II) is correct
(5) Question not attempted

69. Identify the incorrect pair of Conception of Equality and its Proponent Scholar -
(1) Equality of Resources - Ronald Dworkin
(2) Equality of Welfare - Jeremy Bentham
(3) Complex Equality - Richard J. Arneson
(4) Equality of Capabilities - Amartya Sen
(5) Question not attempted

70. Which one of the following is NOT a characteristic of nation-states, according to the perspective of Immanuel Wallerstein?
(1) The stability of the world-system lies in the structural division of nation-states into three categories (core states, semi-periphery states and periphery states).
(2) Competition among states serves as the dynamic force of the world-system.
(3) They constitute organic and integral components of the entire world-system.
(4) They refrain from intervening in the autonomous functioning of the capitalist world-economy so that profits, income and benefits are distributed broadly across all groups.
(5) Question not attempted

67. राजनीति विज्ञान के क्षेत्र के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौनसा युग्म जिसमें एक दृष्टिकोण और उसके समर्थक शामिल हैं, सही नहीं है?
(1) समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण – जॉर्ज ई.जी. कैटलिन
(2) ऐतिहासिक दृष्टिकोण – जॉर्ज एच. सैबाइन
(3) एक समन्वयात्मक दृष्टिकोण – लियो स्ट्रॉस
(4) राजनीति विज्ञान का स्वायत्त स्वरूप – नॉर्मन जेकबसन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

68. राजनीति विज्ञान के उपागमों से सम्बन्धित, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –
(I) अनुभवमूलक उपागम मुख्य रूप से वर्णनात्मक होता है, जबकि मानकीय उपागम मुख्य रूप से निर्देशात्मक होता है।
(II) अनुभवमूलक उपागम उन नियमों से सम्बन्धित है जो परिवर्तनीय हैं, जबकि मानकीय उपागम उन नियमों की खोज करता है जो अपरिवर्तनीय हैं।
सही विकल्प चुनिए –
(1) (I) एवं (II) दोनों सही हैं
(2) केवल (II) सही है
(3) केवल (I) सही है
(4) न तो (I) ना ही (II) सही है
(5) अनुत्तरित प्रश्न

69. समानता की अवधारणा और उसके समर्थक विद्वान के त्रुटिपूर्ण युग्म को पहचानिए –
(1) संसाधनों की समानता – रोनाल्ड ड्वोरकिन
(2) कल्याण की समानता – जेरेमी बेंथम
(3) जटिल समानता – रिचर्ड जे. अर्नेसन
(4) सामर्थ्यों की समानता – अमर्त्य सेन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

70. इमैनुअल वालरस्टीन के दृष्टिकोण के अनुसार, निम्नलिखित में से कौनसी राष्ट्र–राज्यों की एक विशेषता नहीं है?
(1) विश्व–व्यवस्था का स्थायित्व राष्ट्र–राज्यों का तीन वर्गों (केन्द्र राज्य, अर्द्ध–परिधि राज्य और परिधि राज्य) में संरचनात्मक विभाजन है।
(2) राज्यों के मध्य प्रतियोगिता विश्व–व्यवस्था की गत्यात्मक शक्ति है।
(3) वे सम्पूर्ण विश्व–व्यवस्था के सावयवी एवं अन्तरस्थ हिस्से हैं।
(4) वे पूंजीवादी विश्व–अर्थव्यवस्था के स्वायत्त कामकाज में हस्तक्षेप करने से बचते हैं ताकि लाभ, आय और फायदे सभी समूहों में व्यापक रूप से वितरित किए जा सकें।
(5) अनुत्तरित प्रश्न


Scanned with OKEN Scanner

BRICS

71. Which of the following are the partner countries of the BRICS?
(I) Indonesia (II) Kazakhstan
(III) Cuba (IV) Vietnam
Choose the correct option -
(1) Only (II) and (III)
(2) Only (I) and (II)
(3) Only (I), (II) and (III)
(4) Only (II), (III) and (IV)
(5) Question not attempted

72. Parallel to repealment of Fundamental Right to Property (Article 31) through the 44th Constitutional Amendment Act, 1978, which Directive Principle of State Policy was inserted into the Constitution?
(1) Promotion of co-operative societies
(2) Right to work and to public assistance in certain cases
(3) Strive to minimise the inequalities in income
(4) Participation of workers in management of industries
(5) Question not attempted

73. Consider the following statements regarding G-20 Summit -
(I) G-20 Summit in the year 2025 was held in Johannesburg.
(II) The theme of G-20 Summit in the year 2025 was "Recover Together, Recover Stronger".
Choose the correct option -
(1) Both (I) and (II) are correct
(2) Only (II) is correct
(3) Neither (I) nor (II) is correct
(4) Only (I) is correct
(5) Question not attempted

74. Which of the following political parties were neither a part of the Indian National Developmental Inclusive Alliance (INDIA) nor the National Democratic Alliance (NDA) during the 2024 Lok Sabha elections?
(i) All India Majlis-e-Ittehadul Muslimeen
(ii) Bharat Rashtra Samithi
(iii) Yuvajana Sramika Rythu Congress Party
(iv) Biju Janata Dal
Select the correct option -
(1) All (i), (ii), (iii) and (iv)
(2) Only (i), (ii) and (iii)
(3) Only (ii), (iii) and (iv)
(4) Only (i), (ii) and (iv)
(5) Question not attempted

71. निम्नलिखित में से कौनसे ब्रिक्स के भागीदार देश हैं?
(I) इण्डोनेशिया (II) कज़ाकिस्तान
(III) क्यूबा (IV) वियतनाम
सही विकल्प चुनिए –
(1) केवल (II) एवं (III)
(2) केवल (I) एवं (II)
(3) केवल (I), (II) एवं (III)
(4) केवल (II), (III) एवं (IV)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

72. 44वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1978 द्वारा सम्पत्ति के मूल अधिकार (अनुच्छेद 31) के निरसन के समानांतर, किस राज्य के नीति निदेशक तत्व को संविधान में अंतःस्थापित किया गया?
(1) सहकारी समितियों का प्रोन्नयन
(2) कुछ दशाओं में काम और लोक–सहायता पाने का अधिकार
(3) आय की असमानताओं को कम करने का प्रयास
(4) उद्योगों के प्रबंध में कर्मकारों का भाग लेना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

73. G-20 शिखर सम्मेलन से सम्बन्धित, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –
(I) वर्ष 2025 में G-20 शिखर सम्मेलन जोहान्सबर्ग में आयोजित किया गया।
(II) वर्ष 2025 में G-20 शिखर सम्मेलन का विषय "रिकवर टुगेदर, रिकवर स्ट्रॉन्गर" था।
सही विकल्प चुनिए –
(1) (I) एवं (II) दोनों सही हैं
(2) केवल (II) सही है
(3) न तो (I) ना ही (II) सही है
(4) केवल (I) सही है
(5) अनुत्तरित प्रश्न

74. निम्नलिखित में से कौनसे राजनीतिक दल 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान न तो भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (इंडिया) और ना ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा थे?
(i) ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन
(ii) भारत राष्ट्र समिति
(iii) युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी
(iv) बीजू जनता दल
सही विकल्प का चयन करें –
(1) सभी (i), (ii), (iii) और (iv)
(2) केवल (i), (ii) और (iii)
(3) केवल (ii), (iii) और (iv)
(4) केवल (i), (ii) और (iv)
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

75. Consider the following statements regarding Rousseau's views on liberty -

(I) One is liberated when one is free of personal servitude.

(II) Liberty can be achieved through obedience of laws.

Choose the correct statement/s given above -

(1) Only (II) is correct
(2) Only (I) is correct
(3) Both (I) and (II) are correct
(4) Neither (I) nor (II) is correct
(5) Question not attempted

76. Consider the following statements regarding the Traditional Authority discussed by Max Weber -

(I) Under this form of authority, subordinates accept a rule on the basis of its being in conformity with some higher universal principles which they regard as legitimate.

(II) Under this form of authority, delegation is ad hoc and arbitrary.

Choose the correct option -

(1) Both (I) and (II) are correct
(2) Neither (I) nor (II) is correct
(3) Only (II) is correct
(4) Only (I) is correct
(5) Question not attempted

77. Which of the following is NOT one of the six attributes of dominant caste given by M.N. Srinivas?

(1) Numerical strength
(2) High place in local hierarchy
(3) Sizeable amount of arable land
(4) High place in caste hierarchy
(5) Question not attempted

78. Who among the following has described three types of families : simple, compound and composite?

(1) Irawati Karve
(2) K.P. Chattopadhyay
(3) P.H. Prabhu
(4) I.P. Desai
(5) Question not attempted

79. Which of the following facts about society and community is incorrect?

(1) Every society has a name, but not a community
(2) We are members of community, not society
(3) A community can be seen, but a society cannot be
(4) Community is concrete, while society is abstract
(5) Question not attempted

75. रूसो के स्वतंत्रता पर विचारों से सम्बन्धित, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

(I) कोई व्यक्ति व्यक्तिगत दासता से मुक्त होने पर ही स्वतंत्र होता है।

(II) कानून के पालन के द्वारा स्वतन्त्रता प्राप्त की जा सकती है।

उपर्युक्त में से सही कथन/कथनों का चयन कीजिए –

(1) केवल (II) सही है
(2) केवल (I) सही है
(3) (I) एवं (II) दोनों सही हैं
(4) न तो (I) ना ही (II) सही है
(5) अनुत्तरित प्रश्न

76. मैक्स वेबर द्वारा वर्णित परम्परागत सत्ता से सम्बन्धित, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

(I) इस प्रकार की सत्ता में, अधीनस्थ किसी नियम को इस आधार पर स्वीकार करते हैं कि वह उच्चस्तरीय सार्वभौम नियमों के साथ सम्मत है जिसे वे औचित्यपूर्ण समझते हैं।

(II) इस प्रकार की सत्ता में, प्रत्यायोजन तदर्थ एवं स्वेच्छाचारी होता है।

सही विकल्प चुनिए –

(1) (I) एवं (II) दोनों सही हैं
(2) न तो (I) ना ही (II) सही है
(3) केवल (II) सही है
(4) केवल (I) सही है
(5) अनुत्तरित प्रश्न

77. निम्नलिखित में से कौनसा एम.एन. श्रीनिवास द्वारा उल्लेखित प्रभु जाति के छः लक्षणों में से एक नहीं है?

(1) संख्यात्मक शक्ति
(2) स्थानीय पदानुक्रम में उच्च स्थान
(3) कृषि योग्य भूमि की बड़ी मात्रा
(4) जातीय संस्तरण में उच्च स्थान
(5) अनुत्तरित प्रश्न

78. निम्नांकित में से किसने तीन तरह के परिवारों के बारे में बताया है : सरल, यौगिक और मिश्रित (कंपोज़िट)?

(1) इरावती कर्वे
(2) के.पी. चट्टोपाध्याय
(3) पी.एच. प्रभु
(4) आई.पी. देसाई
(5) अनुत्तरित प्रश्न

79. समाज और समुदाय के संबंध में, निम्न तथ्यों में से कौनसा गलत है?

(1) हर समाज का एक नाम होता है, लेकिन समुदाय का नहीं
(2) हम समुदाय के सदस्य हैं, समाज के नहीं
(3) एक समुदाय को देखा जा सकता है, लेकिन समाज को नहीं
(4) समुदाय मूर्त होता है, जबकि समाज अमूर्त होता है
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

80. What is the fundamental ideology of communalism?
(1) The belief that all religions should coexist peacefully.
(2) The idea that society is divided into religious communities with differing and often opposing interests.
(3) The study of ancient religious texts and their historical impact.
(4) It is a spontaneously emerging idea.
(5) Question not attempted

81. When a member of a group stops interacting with the group, yet is still considered a member by others, such a member is called -
(1) Renegade
(2) Potential group member
(3) Nominal group member
(4) Peripheral group member
(5) Question not attempted

82. Who said that "Sociology is the study of human interactions, interrelations, their conditions and consequences"?
(1) Max Weber
(2) Herbert Spencer
(3) E. Durkheim
(4) M. Ginsberg
(5) Question not attempted

83. What was the basis of the division of society into four varnas?
(1) Division of age
(2) Division of sex
(3) Division of labour
(4) Division of property
(5) Question not attempted

84. Who among the following advocates class struggle as the driving force of social change?
(1) T. Parsons
(2) K. Davis
(3) R.K. Merton
(4) Karl Marx
(5) Question not attempted

85. Who among the following is NOT related to the scientific perspective of Sociology?
(1) Peter Berger
(2) E. Durkheim
(3) R.K. Merton
(4) T. Parsons
(5) Question not attempted

86. From the following in which type of traditional Hindu marriage a woman from higher varna (caste) marries a man from lower varna (caste)?
(1) Brahma
(2) Pratiloma
(3) Prajapatya
(4) Anuloma
(5) Question not attempted

80. साम्प्रदायिकता की मूल विचारधारा क्या है?
(1) यह विश्वास कि सभी धर्मों को शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व में रहना चाहिए।
(2) यह विचार कि समाज धार्मिक समुदायों में विभाजित है, जिनके हित अलग–अलग और अक्सर परस्पर विरोधी होते हैं।
(3) प्राचीन धार्मिक ग्रंथों और उनके ऐतिहासिक प्रभाव का अध्ययन।
(4) यह स्वतः स्फूर्त रूप से उभरने वाला एक विचार है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

81. जब समूह का कोई सदस्य समूह के साथ अन्तःक्रिया करना बंद कर देता है, फिर भी दूसरे लोग उसे सदस्य मानते हैं, तो ऐसे सदस्य को कहते हैं –
(1) स्व–समूह द्रोही
(2) सदस्यतासमर्थ (पोटेंशियल) समूह सदस्य
(3) नाममात्रीय समूह सदस्य
(4) सीमारिथत समूह सदस्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

82. किसने कहा है कि "समाजशास्त्र मानवीय अन्तःक्रियाओं, अन्तःसम्बन्धों, उनकी अवस्थाओं एवं परिणामों का अध्ययन है"?
(1) मैक्स वेबर
(2) हरबर्ट स्पेन्सर
(3) ई. दुर्खीम
(4) एम. जिन्सबर्ग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

83. समाज का चार वर्णों में विभाजन का आधार क्या था?
(1) आयु विभाजन
(2) लिंग विभाजन
(3) श्रम विभाजन
(4) सम्पत्ति विभाजन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

84. निम्नलिखित में से कौन सामाजिक परिवर्तन की प्रेरक शक्ति के रूप में वर्ग संघर्ष का समर्थन करता है?
(1) टी. पार्सन्स
(2) के. डेविस
(3) आर.के. मर्टन
(4) कार्ल मार्क्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न

85. निम्नलिखित में से कौन समाजशास्त्र के वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य से सम्बन्धित नहीं हैं?
(1) पीटर बर्गर
(2) ई. दुर्खीम
(3) आर.के. मर्टन
(4) टी. पार्सन्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न

86. निम्नलिखित में से कौनसे परम्परागत हिन्दू विवाह में एक उच्च वर्ण (जाति) की महिला निम्न वर्ण (जाति) के पुरुष से विवाह करती है?
(1) ब्रह्म
(2) प्रतिलोम
(3) प्रजापत्य
(4) अनुलोम
(5) अनुत्तरित प्रश्न


Scanned with OKEN Scanner

87. Which Sanskar was performed for the boy before entering the Brahmacharya Ashram?
(1) Samavartana (2) Nishkramana
(3) Chuda-karma (4) Upanayana
(5) Question not attempted

88. Based on the attributes of caste given by S.C. Dube, which of the following statement is incorrect?
(1) The shared culture and behavioural patterns of a caste are passed down through biological inheritance.
(2) Castes maintain their own systems for resolving conflicts and maintaining social control.
(3) The interaction between different castes is heavily influenced by concept of purity and pollution.
(4) Members of a caste typically marry within their own specific group.
(5) Question not attempted

89. Which among the following is NOT a determining basis of ascribed status?
(1) Race (2) Property
(3) Kinship (4) Sex
(5) Question not attempted

90. Who said that "A social class is the aggregate of persons having essentially the same social status in a given society"?
(1) P. Gisbert (2) Ogburn and Nimkoff
(3) T.B. Bottomore (4) Majumdar and Madan
(5) Question not attempted

91. According to Oscar Lewis, when poverty is transmitted over generations, it becomes a -
(1) culture (2) civilization
(3) tradition (4) community
(5) Question not attempted

92. When did the Lokpal and Lokayukta Act, 2013 come into force?
(1) 16 January 2014 (2) 18 December 2013
(3) 17 December 2013 (4) 15 January 2015
(5) Question not attempted

87. ब्रह्मचर्य आश्रम में प्रवेश से पहले लड़के के लिए कौनसा संस्कार सम्पन्न किया जाता था?
(1) समावर्तन (2) निष्क्रमण
(3) चूड़ा–कर्म (4) उपनयन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

88. एस.सी. दुबे द्वारा बताई गई जाति की विशेषताओं के आधार पर, निम्नांकित में से कौनसा कथन गलत है?
(1) एक जाति की मिली–जुली संस्कृति और व्यवहार के तरीके जैविक विरासत से आगे बढ़ते हैं।
(2) जातियां झगड़ों को सुलझाने और सामाजिक नियंत्रण बनाए रखने के लिए अपनी खुद की व्यवस्था बना के रखती हैं।
(3) विभिन्न जातियों के मध्य अन्तःक्रिया पवित्रता और अपवित्रता की अवधारणा से बहुत ज़्यादा प्रभावित होती है।
(4) एक जाति के सदस्य सामान्यतः अपने ही विशेष समूह में विवाह करते हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

89. निम्न में से कौनसा प्रदत्त प्रस्थिति के निर्धारण का आधार नहीं है?
(1) प्रजाति (2) सम्पत्ति
(3) नातेदारी (4) लिंग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

90. यह किसने कहा कि "एक निश्चित समाज में मुख्य रूप से एक ही पद वाले व्यक्तियों के समूह को सामाजिक वर्ग कहा जाता है"?
(1) पी. गिस्बर्ट (2) ऑगबर्न एवं निमकॉफ
(3) टी.बी. बॉटमोर (4) मजूमदार एवं मदान
(5) अनुत्तरित प्रश्न

91. ऑस्कर लुईस के अनुसार, जब गरीबी पीढ़ियों तक हस्तांतरित होती है, तो वह बन जाती है एक –
(1) संस्कृति (2) सभ्यता
(3) परम्परा (4) समुदाय
(5) अनुत्तरित प्रश्न

92. लोकपाल तथा लोकायुक्त अधिनियम, 2013 कब लागू हुआ?
(1) 16 जनवरी 2014 (2) 18 दिसम्बर 2013
(3) 17 दिसम्बर 2013 (4) 15 जनवरी 2015
(5) अनुत्तरित प्रश्न

93. According to Alex Inkeles, which of the following subjects are considered least likely to be confused with Sociology?
(1) History, Psychology and Political Science
(2) Psychology, Anthropology and Philosophy
(3) Economics, Political Science and History
(4) Geography, Law and Economics
(5) Question not attempted

94. Which of the following is NOT a characteristic of an institution?
(1) Collective efforts (2) Temporary
(3) Objectives (4) Symbols
(5) Question not attempted

95. 'When the entrepreneurs earn high profits, then they invest them in business which increases employment, but when they get less profits or suffer from losses or their products remain unsold and pile up, then they reduce the number of workers in their industries which causes unemployment.'
This is an example of which type of unemployment?
(1) Cyclical unemployment
(2) Technological unemployment
(3) Classical unemployment
(4) Seasonal unemployment
(5) Question not attempted

96. The Rajasthan Guaranteed Delivery of Public Services Act, 2011 received the assent of the Governor on which of the following dates?
(1) 05 April 2011 (2) 21 October 2011
(3) 12 December 2011 (4) 21 September 2011
(5) Question not attempted

97. Graicunas Formula is associated with which one of the following principles of Public Administration?
(1) Unity of command (2) Span of control
(3) Delegation (4) Hierarchy
(5) Question not attempted

98. According to Herbert Simon, decisions are classified into which two categories?
(1) Strategic and Tactical
(2) Centralised and Decentralised
(3) Programmed and Non-Programmed
(4) Formal and Informal
(5) Question not attempted

93. एलेक्स इंकेल्स के अनुसार, इनमें से किन विषयों की समाजशास्त्र के साथ भ्रमित (confused) होने की सम्भावना सबसे कम है?
(1) इतिहास, मनोविज्ञान और राजनीति विज्ञान
(2) मनोविज्ञान, मानवशास्त्र और दर्शनशास्त्र
(3) अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान और इतिहास
(4) भूगोल, विधि और अर्थशास्त्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न

94. निम्नांकित में से कौनसी विशेषता संस्था की नहीं है?
(1) सामूहिक प्रयत्न (2) अस्थायी
(3) उद्देश्य (4) प्रतीक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

95. 'जब उद्यमी अधिक लाभ कमाते हैं, तो वे उसे व्यवसाय में निवेश करते हैं जिससे रोजगार बढ़ता है, लेकिन जब उन्हें कम लाभ मिलता है या उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है अथवा उनके उत्पाद बिना बिके रह जाते हैं और जमा हो जाते हैं, तो वे अपने उद्योगों में कामगारों की संख्या कम कर देते हैं जिससे बेरोजगारी उत्पन्न होती है।'
यह किस प्रकार की बेरोजगारी का उदाहरण है?
(1) चक्रीय बेरोजगारी
(2) तकनीकी बेरोजगारी
(3) शास्त्रीय बेरोजगारी
(4) मौसमी बेरोजगारी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

96. राजस्थान लोक सेवा गारंटीकृत वितरण अधिनियम, 2011 को राज्यपाल की अनुमति निम्नलिखित में से किस तिथि को प्राप्त हुई?
(1) 05 अप्रैल 2011 (2) 21 अक्टूबर 2011
(3) 12 दिसम्बर 2011 (4) 21 सितम्बर 2011
(5) अनुत्तरित प्रश्न

97. ग्रैकुनास सूत्र लोक प्रशासन के निम्नांकित में से किस एक सिद्धान्त से संबंधित है?
(1) आदेश की एकता (2) नियंत्रण का क्षेत्र
(3) प्रत्यायोजन (4) पदसोपान
(5) अनुत्तरित प्रश्न

98. हरबर्ट साइमन के अनुसार, निर्णयों को किन दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है?
(1) रणनीतिक और सामरिक
(2) केन्द्रीकृत एवं विकेन्द्रीकृत
(3) संयोजित और असंयोजित
(4) औपचारिक एवं अनौपचारिक
(5) अनुत्तरित प्रश्न


Scanned with OKEN Scanner

**99.** Which Section of the Right to Information Act (RTI Act), 2005 makes provision for the 'Designation of Public Information Officers' (PIOs)?

(1) Section 8 of the Act
(2) Section 3 of the Act
(3) Section 5 of the Act
(4) Section 15 of the Act
(5) Question not attempted

**100.** Which one of the following is NOT a function of the Directorate at the state level in India?

(1) To formulate basic policies for administration
(2) To implement policies of the Government
(3) To give advice to secretariat in technical matters
(4) Collecting data for policy formulation
(5) Question not attempted

**101.** Which of the following statements is NOT true about Chief Secretary of Rajasthan?

(1) Tenure of Chief Secretary is three years.
(2) Chief Secretary of State is selected by the Chief Minister.
(3) Before 01.11.1956, Chief Secretary of Rajasthan was appointed by the Central Government.
(4) K. Radhakrishnan was the first Chief Secretary of Rajasthan.
(5) Question not attempted

**102.** Which one of the following (Theory of Motivation - Thinker) is NOT correctly matched?

(1) ERG Theory - McClelland
(2) Two-factor Theory - Frederick Herzberg
(3) X and Y Theory - McGregor
(4) Hierarchy of Needs - Maslow
(5) Question not attempted

**103.** According to Mooney, which of the following is NOT a function of staff?

(1) Supervisory
(2) Informative
(3) Policy Implementation
(4) Advisory
(5) Question not attempted

**104.** "The staff is an expansion of the personality of the executive. It means more eyes, more ears, and more hands to aid him in forming and carrying out his plans." Whose statement is this?

(1) Luther Gulick
(2) L.D. White
(3) Mooney
(4) Henri Fayol
(5) Question not attempted

**99.** सूचना का अधिकार अधिनियम (आर.टी.आई. एक्ट), 2005 का कौनसा सेक्शन 'लोक सूचना अधिकारियों के पदनाम' का प्रावधान करता है?

(1) अधिनियम का सेक्शन 8
(2) अधिनियम का सेक्शन 3
(3) अधिनियम का सेक्शन 5
(4) अधिनियम का सेक्शन 15
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**100.** भारत में राज्य स्तर पर, निम्नलिखित में से कौनसा एक निदेशालय का कार्य नहीं है?

(1) प्रशासन के लिए मूल नीतियों की रचना करना
(2) सरकार की नीतियों को निष्पादित करना
(3) सचिवालय को तकनीकी मामलों में परामर्श देना
(4) नीति निर्माण के लिए आँकड़े एकत्रित करना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**101.** राजस्थान के मुख्य सचिव के बारे में, निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य नहीं है?

(1) मुख्य सचिव का कार्यकाल 3 वर्ष का होता है।
(2) राज्य के मुख्य सचिव का चयन मुख्यमंत्री द्वारा किया जाता है।
(3) 01 नवम्बर 1956 से पूर्व राजस्थान के मुख्य सचिव की नियुक्ति केन्द्र सरकार द्वारा की जाती थी।
(4) के. राधाकृष्णन राजस्थान के प्रथम मुख्य सचिव थे।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**102.** निम्नांकित में से कौनसा एक (अभिप्रेरणा का सिद्धान्त – विचारक) सुमेलित नहीं है?

(1) ई.आर.जी. सिद्धान्त – मैक्लीलैण्ड
(2) द्वि–घटक सिद्धान्त – फ्रेडरिक हर्ज़बर्ग
(3) एक्स एवं वाई सिद्धान्त – मैक्ग्रेगर
(4) आवश्यकताओं की क्रमबद्धता सिद्धान्त – मैस्लो
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**103.** मूने के अनुसार, निम्नलिखित में से कौनसा स्टाफ का एक कार्य नहीं है?

(1) पर्यवेक्षकीय
(2) सूचनात्मक
(3) नीति क्रियान्वयन
(4) परामर्शकारी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**104.** "स्टाफ, कार्यपालिका के व्यक्तित्व का ही विस्तार है। इसका अर्थ है अधिक आँखें, अधिक कान और अधिक हाथ, जो कि उसको योजना बनाने तथा क्रियान्वित करने में सहायता दे सकें।" यह कथन किसका है?

(1) लूथर गुलिक
(2) एल.डी. व्हाइट
(3) मूने
(4) हेनरी फेयोल
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

105. Who from the following is the author of 'Creative Experience'?
(1) Marshall E. Dimock
(2) Henri Fayol
(3) Herbert Simon
(4) Mary Parker Follet
(5) Question not attempted

106. The first election of Panchayati Raj Institutions in Rajasthan was conducted by which institution in 1960?
(1) By the Home Department of Rajasthan
(2) By the Election Department of Rajasthan
(3) By the Rajasthan State Election Commission
(4) By the Panchayat Department, Rajasthan
(5) Question not attempted

107. Under judicial control over administration, which one of the following is NOT a constitutional remedy?
(1) Quo-Warranto
(2) Mandamus
(3) No-confidence Motion
(4) Habeas Corpus
(5) Question not attempted

108. "Public Administration is administration related to the operations of Government whether central or local." Who among the following has defined Public Administration in these words?
(1) L.D. White
(2) Dimock
(3) Merson
(4) Percy McQueen
(5) Question not attempted

109. "It is the thread by which the separate parts are sewn together." Who among the following has said this regarding hierarchy?
(1) Latham
(2) Henri Fayol
(3) M.P. Sharma
(4) Simon
(5) Question not attempted

110. Which one of the following statements is NOT correct regarding Lokayukta Institution of Rajasthan?
(1) The first Lokayukta was Justice Shri I.D. Dua.
(2) Sarpanch, Panch and Members of Legislative Assembly come under its jurisdiction.
(3) The Lokayukta Institution was established under the Rajasthan Lokayukta and Up-Lokayuktas Act, 1973.
(4) Complaints cannot be made for cases older than five years.
(5) Question not attempted

105. निम्नलिखित में से कौन 'क्रिएटिव एक्सपीरियन्स' के लेखक हैं?
(1) मार्शल ई. डिमॉक
(2) हेनरी फेयोल
(3) हरबर्ट साइमन
(4) मैरी पार्कर फोलेट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

106. 1960 में, राजस्थान में पंचायतीराज संस्थाओं के प्रथम चुनाव किस संस्था द्वारा कराए गए थे?
(1) राजस्थान गृह विभाग द्वारा
(2) राजस्थान निर्वाचन विभाग द्वारा
(3) राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा
(4) राजस्थान पंचायत विभाग द्वारा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

107. प्रशासन पर न्यायिक नियंत्रण के अंतर्गत, निम्नलिखित में से कौनसा एक संवैधानिक उपचार नहीं है?
(1) अधिकार पृच्छा
(2) परमादेश
(3) अविश्वास प्रस्ताव
(4) बंदी प्रत्यक्षीकरण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

108. "लोक प्रशासन वह प्रशासन है, जिसका सम्बन्ध सरकार के कार्यों से है, चाहे वह केन्द्रीय सरकार द्वारा सम्पादित हों या स्थानीय सरकार के द्वारा।" लोक प्रशासन को इन शब्दों में निम्न में से किसने परिभाषित किया?
(1) एल.डी. व्हाइट
(2) डिमॉक
(3) मर्सन
(4) पर्सी मैकक्वीन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

109. "यह एक धागा है, जिसके द्वारा विभिन्न हिस्से एक साथ सिले जाते हैं।" पदसोपान के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से यह किसने कहा?
(1) लैथम
(2) हेनरी फेयोल
(3) एम.पी. शर्मा
(4) साइमन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

110. लोकायुक्त संस्था, राजस्थान के बारे में निम्नांकित में से कौनसा एक कथन सही नहीं है?
(1) प्रथम लोकायुक्त न्यायमूर्ति श्री आई.डी. दुआ थे।
(2) सरपंच, पंच व विधायक इसके अधिकार क्षेत्र में आते हैं।
(3) लोकायुक्त संस्था का गठन राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 के अंतर्गत हुआ।
(4) पाँच वर्ष से अधिक पुराने मामलों की शिकायत नहीं की जा सकती है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

111. Who among the following was NOT associated with the Garbage Can Model of decision making?
(1) Cohen (2) March
(3) Simon (4) Olsen
(5) Question not attempted

112. "The field of administration is a field of business and it is removed from the hurry and strife of politics." Whose statement is this?
(1) Dwight Waldo (2) Marshall E. Dimock
(3) Woodrow Wilson (4) L.D. White
(5) Question not attempted

113. Under the Rajasthan Right to Hearing Act 2012, which of the following has been notified as Public Hearing Officer by the State Government at the Panchayat level for revenue matters?
(1) Tehsildar
(2) Gram Sevak (Gram Vikas Adhikari)
(3) Sub-Divisional Officer (SDO)
(4) Patwari
(5) Question not attempted

114. Ṣaḍ-pāramitā is a conception of -
(1) Vedic ethics (2) Buddhist ethics
(3) Mīmāṁsā School of Ethics (4) Jain ethics
(5) Question not attempted

115. Which of the following facts is NOT true in the context of the Vedic concepts of Ṛta?
(1) Lord Varuna is the operator of the Ṛta.
(2) Ṛta is the moral law.
(3) The principle of Ṛta contains the seed of the principle of Karma.
(4) Ṛta is the basic element of the universe.
(5) Question not attempted

116. 'You are not being punished for stealing sheep, but in order that other sheeps may not be stolen.' This is closest to which theory of punishment?
(1) Deterrent Theory (2) Reformative Theory
(3) Preventive Theory (4) Retributive Theory
(5) Question not attempted

117. The Socratic method is -
(a) Inductive (b) Skeptical
(c) Ironical (d) Deductive
(1) (a), (c) and (d) (2) (a), (b), (c) and (d)
(3) (a), (b) and (d) (4) (b), (c) and (d)
(5) Question not attempted

111. निम्नलिखित में से कौन निर्णय निर्माण के गार्बेज कैन मॉडल से सम्बन्धित नहीं था?
(1) कोहेन (2) मार्च
(3) साइमन (4) ओल्सेन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

112. "प्रशासन का क्षेत्र व्यापार का क्षेत्र है और वह राजनीति की जल्दबाजी और संघर्षों से दूर होता है।" यह कथन किसका है?
(1) ड्वाइट वाल्डो (2) मार्शल ई. डिमॉक
(3) वुडरो विल्सन (4) एल.डी. व्हाइट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

113. राजस्थान सुनवाई का अधिकार अधिनियम, 2012 के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा राजस्व मामलों के लिए पंचायत स्तर पर निम्न में से किसको लोक सुनवाई अधिकारी अधिसूचित किया गया है?
(1) तहसीलदार
(2) ग्राम सेवक (ग्राम विकास अधिकारी)
(3) उपखण्ड अधिकारी (एस.डी.ओ.)
(4) पटवारी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

114. षड्–पारमिता की धारणा सम्बंधित है –
(1) वैदिक नीतिशास्त्र (2) बौद्ध नीतिशास्त्र
(3) मीमांसा नीतिशास्त्र (4) जैन नीतिशास्त्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न

115. निम्न में कौनसा तथ्य वैदिक अवधारणा ऋत के संदर्भ में सत्य नहीं है?
(1) ऋत के संचालक वरुण देवता हैं।
(2) ऋत नैतिक नियम है।
(3) ऋत के सिद्धान्त में कर्म सिद्धांत का बीज अन्तर्भूत है।
(4) ऋत सृष्टि का मूल तत्व है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

116. 'तुम्हे भेड़ चुराने के लिए दण्ड नहीं दिया जा रहा, बल्कि इसलिए दिया जा रहा है, ताकि भविष्य में दूसरी भेड़े न चुराई जा सकें।' यह किस दण्ड सिद्धांत के निकटस्थ है?
(1) निवारक सिद्धांत (2) सुधारात्मक सिद्धांत
(3) निरोधक सिद्धांत (4) प्रतिकारी सिद्धांत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

117. सुकरातीय विधि है –
(a) आगमनात्मक (b) संदेहवादी
(c) व्याजोक्तिपरक (d) निगमनात्मक
(1) (a), (c) तथा (d) (2) (a), (b), (c) तथा (d)
(3) (a), (b) तथा (d) (4) (b), (c) तथा (d)
(5) अनुत्तरित प्रश्न


Scanned with OKEN Scanner

118. Consider the following statements about Kantian ethics -

(a) Some duties have perfect and others have imperfect obligation.

(b) The discussion over ethical concepts is the key subject of Kant's Critique of Judgment.

(c) Kantian ethics is a perfect instance of deontological ethics.

(d) Immortality of soul is essential for the conception of 'complete good'.

(1) (b), (c) and (d) are correct

(2) (a), (b), (c) and (d) are correct

(3) (a), (c) and (d) are correct

(4) (a), (b) and (c) are correct

(5) Question not attempted

119. What are the two divisions of Kāmya Karma accepted in Indian ethics?

(1) Hypothetical and Categorical

(2) Klishṭa and Aklishṭa

(3) Prārabdha and Sanchita

(4) Vedika and Laukika

(5) Question not attempted

120. The term 'Vratāni' is related to which Indian ethical concept out of the following?

(1) Ṛta (2) Yajña

(3) Purushārtha (4) Darshanāvarṇīya karma

(5) Question not attempted

121. Choose the correct statements with reference to purushārtha -

(A) Being effortful and industrious has special relevance in the concept of purushārtha.

(B) Purushārtha is a value based on human nature.

(C) The devotees of Shreyas are purushārthī in true sense.

(D) The concept of purushārtha emphasizes completely on material development.

(1) (A), (C) and (D) (2) (A), (B) and (C)

(3) (B), (C) and (D) (4) (A), (B) and (D)

(5) Question not attempted

122. Which of the following pair is inconsistent?

(1) Rational Utilitarianism - Jeremy Bentham

(2) Psychological Egoism - Thomas Hobbes

(3) Evolutionary Hedonism - Herbert Spencer

(4) Egoistic Hedonism - Moritz Schlick

(5) Question not attempted

118. कान्टीय नीतिशास्त्र के सन्दर्भ में, निम्न पर विचार करें –

(a) कुछ कर्तव्य पूर्ण तथा कुछ अपूर्ण बंधकारी होते हैं।

(b) नैतिक संप्रत्ययों की चर्चा कांट की क्रिटिक ऑफ जजमेंट ग्रन्थ का मुख्य प्रतिपाद्य है।

(c) कांट का नीतिशास्त्र परिणाम–निरपेक्ष नैतिकता का आदर्श दृष्टान्त है।

(d) 'पूर्ण शुभ' की धारणा के लिए आत्मा का अमरत्व अनिवार्य है।

(1) (b), (c) तथा (d) सही हैं

(2) (a), (b), (c) तथा (d) सही हैं

(3) (a), (c) तथा (d) सही हैं

(4) (a), (b) तथा (c) सही हैं

(5) अनुत्तरित प्रश्न

119. भारतीय नीतिशास्त्र में काम्य कर्म के कौनसे दो भेद स्वीकार किए गए हैं?

(1) सापेक्ष एवं निरपेक्ष

(2) क्लिष्ट एवं अक्लिष्ट

(3) प्रारब्ध एवं संचित

(4) वैदिक एवं लौकिक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

120. 'व्रतानि' पद का संबंध निम्नलिखित में से किस भारतीय नैतिक सम्प्रत्यय से है?

(1) ऋत (2) यज्ञ

(3) पुरुषार्थ (4) दर्शनावरणीय कर्म

(5) अनुत्तरित प्रश्न

121. पुरुषार्थ के संदर्भ में सत्य कथनों को छांटिए –

(A) पुरुषार्थ की अवधारणा में प्रयत्नशीलता व उद्यमिता का विशेष महत्व है।

(B) पुरुषार्थ मानव स्वभाव पर आधारित मूल्य है।

(C) श्रेयस के साधक ही सच्चे अर्थ में पुरुषार्थी हैं।

(D) पुरुषार्थ की अवधारणा पूर्णतः भौतिक विकास पर जोर देती है।

(1) (A), (C) और (D) (2) (A), (B) और (C)

(3) (B), (C) और (D) (4) (A), (B) और (D)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

122. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म असंगत है?

(1) बौद्धिक उपयोगितावाद – जेरेमी बेन्थम

(2) मनोवैज्ञानिक स्वार्थवाद – थॉमस हॉब्स

(3) विकासवादी सुखवाद – हरबर्ट स्पेन्सर

(4) स्वार्थमूलक सुखवाद – मॉरिट्ज़ श्लिक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

29.8



Scanned with OKEN Scanner

123. According to noble eightfold path of Buddha, Avidyā and Trishṇā are removed respectively by which of the following?
(1) Right speech and Right effort
(2) Right view and Right Mindfulness
(3) Right Mindfulness and Right concentration
(4) Right view and Right resolve
(5) Question not attempted

124. Cartesian Method is sometimes seen as a combination of -
(a) Deduction (b) Induction (c) Intuition
(1) (a) and (b) (2) (b) and (c)
(3) (a), (b) and (c) (4) (a) and (c)
(5) Question not attempted

125. Which of the following is/are included in the 'Brahma-Vihara' in Buddhist ethical thought?
(A) Friendship for mere mortals
(B) Disregard for the ungodly
(C) Compassion for the afflicted
(D) Mudita for the sages
Select the correct option -
(1) Only (A) (2) (A), (B), (C) and (D)
(3) (B), (C) and (D) (4) (A) and (B)
(5) Question not attempted

126. Which of the following is NOT appropriate according to Karmavāda?
(1) Present life is determined by past karmas.
(2) The soul is eternally bound with the cycle of karmas.
(3) The agent is always free to choose karma.
(4) Future life is determined by present karmas.
(5) Question not attempted

127. Anasakti-Yoga is reflection on Gītā by -
(1) Krishnachandra Bhattacharyya (2) Sri Aurobindo
(3) Gandhi (4) Tilak
(5) Question not attempted

128. Select the incorrect statement regarding Mahatma Gandhi's views on non-violence -
(1) Truth and non-violence are one and the same.
(2) The concept of non-violence includes love, compassion and empathy.
(3) Non-violence is founded on the moral and spiritual strength of human beings.
(4) Non-violence is refraining from resistance while enduring injustice.
(5) Question not attempted

123. बौद्ध दर्शन के आर्य अष्टांगिक मार्ग के अनुसार, अविद्या और तृष्णा का नाश क्रमशः निम्नलिखित में से किनके द्वारा होता है?
(1) सम्यक् वाक् और सम्यक् व्यायाम
(2) सम्यक् दृष्टि और सम्यक् स्मृति
(3) सम्यक् स्मृति और सम्यक् समाधि
(4) सम्यक् दृष्टि और सम्यक् संकल्प
(5) अनुत्तरित प्रश्न

124. कार्टेशियन विधि को कभी–कभी निम्न का संयोग माना जाता है –
(a) निगमन (b) आगमन (c) अन्तःप्रज्ञा
(1) (a) तथा (b) (2) (b) तथा (c)
(3) (a), (b) तथा (c) (4) (a) तथा (c)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

125. बौद्ध नैतिक विचार में, 'ब्रह्मविहार' में निम्न में क्या सम्मिलित है/हैं?
(A) प्राणीमात्र के लिए मैत्री
(B) असाधुओं के लिए उपेक्षा
(C) दुःखियों के लिए करुणा
(D) साधुओं के लिए मुदिता
सही विकल्प का चयन करें –
(1) केवल (A) (2) (A), (B), (C) और (D)
(3) (B), (C) और (D) (4) (A) और (B)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

126. कर्मवाद के अनुसार, निम्नलिखित में से क्या उपयुक्त नहीं है?
(1) वर्तमान जीवन पूर्व कर्मों द्वारा निर्धारित है।
(2) आत्मा शाश्वत रूप से कर्म चक्र से आबद्ध है।
(3) कर्ता, कर्म चयन के लिए सदैव स्वतंत्र है।
(4) आगामी जीवन वर्तमान कर्मों द्वारा निर्धारित है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

127. अनासक्ति–योग, गीता पर निम्न का अनुचिंतन ग्रन्थ है –
(1) कृष्णचन्द्र भट्टाचार्य (2) श्री अरविन्द
(3) गाँधी (4) तिलक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

128. महात्मा गाँधी के अहिंसा सम्बन्धी विचारों के संदर्भ में, मिथ्या कथन छांटिए –
(1) सत्य और अहिंसा एक ही हैं।
(2) अहिंसा के विचार में प्रेम, दया एवं सहानुभूति सम्मिलित हैं।
(3) अहिंसा का आधार मनुष्य का नैतिक व आध्यात्मिक बल है।
(4) अन्याय सहन करते हुए प्रतिरोध न करना ही अहिंसा है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न


Scanned with OKEN Scanner

129. Out of the following, which actions can be destroyed only by their enjoyment?

(A) Sanchita Karma (B) Prārabdha Karma

(C) Kāmya Karma (D) Nishkāma Karma

Choose the correct option -

(1) Only (B), (C) and (D)

(2) Only (A), (B) and (C)

(3) Only (A) and (C)

(4) (A), (B), (C) and (D)

(5) Question not attempted

130. "Yato-vā-imāni-bhūtāni-jāyante" is from which Upaniṣad?

(1) Chhāndogya (2) Taittirīya

(3) Bṛhadāraṇyaka (4) Muṇḍaka

(5) Question not attempted

131. What is the primary objective of including "Fine Art" alongside Social Science?

(1) To make children professional artists.

(2) To ensure that children learn only about their own culture.

(3) To sublimate innate desires and channelize them towards socially useful activities.

(4) To replace historical studies with aesthetic ones.

(5) Question not attempted

132. According to Morrison, which of the following is NOT the step of unit approach?

(1) Recitation (2) Organisation

(3) Assimilation (4) Comparison

(5) Question not attempted

133. In preparing a "Blueprint" (Table of specifications), which of the following is represented in the cells?

(1) The sequence of questions from easy to difficult

(2) The total number of students to be tested

(3) The names of the teachers who set the paper

(4) The percentage weightage given to specific units and objectives

(5) Question not attempted

129. निम्नलिखित में कौनसे कर्मों का नाश केवल उनके भोग द्वारा ही संभव है?

(A) संचित कर्म (B) प्रारब्ध कर्म

(C) काम्य कर्म (D) निष्काम कर्म

सही विकल्प का चयन कीजिए –

(1) केवल (B), (C) और (D)

(2) केवल (A), (B) और (C)

(3) केवल (A) और (C)

(4) (A), (B), (C) और (D)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

130. "यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते" किस उपनिषद से है?

(1) छान्दोग्य (2) तैत्तिरीय

(3) बृहदारण्यक (4) मुण्डक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

131. सामाजिक विज्ञान के साथ "ललित कला" को शामिल करने का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

(1) बच्चों को पेशेवर कलाकार बनाना।

(2) यह सुनिश्चित करना कि बच्चे केवल अपनी संस्कृति के बारे में सीखें।

(3) जन्मजात इच्छाओं को परिष्कृत करना और उन्हें सामाजिक रूप से उपयोगी गतिविधियों की ओर मोड़ना।

(4) ऐतिहासिक अध्ययनों को सौंदर्यशास्त्रीय अध्ययनों से बदलना।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

132. मॉरिसन के अनुसार, निम्नलिखित में से कौनसा इकाई उपागम का पद नहीं है?

(1) आवृत्ति या अभिव्यक्तिकरण (2) संगठन

(3) आत्मीकरण (4) तुलना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

133. "ब्लूप्रिंट" (विनिर्देश तालिका) तैयार करने में, कोष्ठकों में निम्नलिखित में से क्या दर्शाया जाता है?

(1) प्रश्नों का क्रम सरल से कठिन की ओर

(2) परीक्षण किये जाने वाले छात्रों की कुल संख्या

(3) पेपर सेट करने वाले शिक्षकों के नाम

(4) विशिष्ट इकाइयों और उद्देश्यों को दिया गया प्रतिशत भार

(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

**134.** Which of the following is NOT the characteristic of Herbartian Approach of Lesson Planning?

(1) This approach is limited to understanding level.

(2) No attention is paid to interests and abilities of students.

(3) More emphasis is given on the presentation of the content.

(4) This method is subject matter centered.

(5) Question not attempted

**135.** Which of the following specific characteristic belongs to "Flip charts"?

(1) They are used exclusively for political campaigns.

(2) They are three-dimensional replicas of objects.

(3) They are always electronic.

(4) They contain a series of sheets bound at the top that are flipped over during presentation.

(5) Question not attempted

**136.** Which of the following is NOT the recommendation of National Curriculum Framework (NCF)-2005 Social Science Focus Group Report?

(1) The shift in interest from utilitarianism to egalitarianism

(2) Considering the textbooks as a means for understanding social issues

(3) To prioritize the national perspective in place of local perspective

(4) Making the textbook a dynamic document rather than a closed box

(5) Question not attempted

**137.** Which of the following is NOT a merit of the Lecture Method in Social Science?

(1) By this method extensive subject matter can be presented before the students in brief.

(2) This method especially suits students of the higher classes.

(3) Presenting important parts by this method saves both time and energy.

(4) It is a child centered method of teaching.

(5) Question not attempted

**134.** निम्नलिखित में से कौनसा पाठ योजना के हर्बर्टियन उपागम की विशेषता नहीं है?

(1) यह उपागम समझ स्तर तक सीमित है।

(2) विद्यार्थियों की रुचि एवं योग्यताओं पर ध्यान नहीं दिया जाता है।

(3) विषयवस्तु के प्रस्तुतीकरण पर ज़्यादा जोर दिया जाता है।

(4) यह विधि विषयवस्तु केन्द्रित है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**135.** निम्नलिखित में से कौनसी विशिष्ट विशेषता "फ्लिप चार्ट" से संबंधित है?

(1) उनका उपयोग विशेष रूप से राजनीतिक प्रचार के लिए किया जाता है।

(2) वे वस्तुओं की त्रि–आयामी प्रतिकृतियां होती हैं।

(3) वे हमेशा इलेक्ट्रॉनिक होते हैं।

(4) उसमें शीर्ष पर बंधी हुई शीटों की एक श्रृंखला होती है, जिन्हें प्रस्तुति के दौरान पलट दिया जाता है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**136.** निम्नलिखित में से कौनसा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (NCF)–2005, सामाजिक विज्ञान फोकस समूह की रिपोर्ट का सुझाव नहीं है?

(1) उपयोगितावाद से समतावाद की ओर रुझान में बदलाव

(2) पाठ्यपुस्तकों को सामाजिक मुद्दों को समझने के एक साधन के रूप में देखना

(3) स्थानीय परिप्रेक्ष्य के स्थान पर राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य को महत्व देना

(4) पाठ्यपुस्तक को बंद बॉक्स नहीं बल्कि एक गतिशील दस्तावेज बनाना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**137.** निम्नलिखित में से कौनसा सामाजिक विज्ञान में व्याख्यान विधि का एक लाभ नहीं है?

(1) इस विधि से विद्यार्थियों के समक्ष व्यापक विषयवस्तु को संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

(2) यह विधि उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त है।

(3) इस विधि से महत्वपूर्ण पक्षों को प्रस्तुत कर समय और ऊर्जा दोनों की बचत होती है।

(4) यह शिक्षण की एक बाल केन्द्रित विधि है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

138. A Social Science teacher uses the concept of Mathematics while drawing population per capita income on bar graph, this type of correlation of two subjects is known as -

(1) Free lateral correlation
(2) Vertical correlation
(3) Correlation with practical life
(4) Horizontal correlation
(5) Question not attempted

139. In a Social Science classroom, the teacher asks the students to summarize the topic, which he/she has taught.

As per Bloom Taxonomy it pertains to which objective of cognitive domain?

(1) Evaluating
(2) Understanding
(3) Applying
(4) Creating
(5) Question not attempted

140. Which of the following key components are integrated in a successful lesson plan in sequence?

(1) Introduction, Body, Homework, Conclusion
(2) Teacher, Student, Textbook, Blackboard
(3) Content Analysis, Learning objectives, Teaching-learning activities, Achievement assessment strategies
(4) Preparation, Application, Presentation, Evaluation
(5) Question not attempted

141. Social Science teaching should inculcate the "Moral energy" in the child. This moral energy is intended to -

(1) Enable the child to memorize academic disciplines effectively.
(2) Empower the child to deal with social forces that threaten human values.
(3) Help the child conform to all existing social forces.
(4) Create a sense of heritage without critical analysis.
(5) Question not attempted

138. एक सामाजिक विज्ञान का अध्यापक जनसंख्या प्रति व्यक्ति आय इत्यादि को बार ग्राफ पर प्रदर्शित करने हेतु गणित के संप्रत्ययों का प्रयोग करता है, दो विषयों का इस तरह का सह–संबंध कहलाता है –

(1) मुक्त पार्श्व सह–संबंध
(2) ऊर्ध्वाधर सह–संबंध
(3) व्यावहारिक जीवन के साथ सह–संबंध
(4) क्षैतिज सह–संबंध
(5) अनुत्तरित प्रश्न

139. सामाजिक विज्ञान की कक्षा में, शिक्षक / शिक्षिका ने विद्यार्थियों को उस प्रकरण का सारांश प्रस्तुत करने को कहा, जिसे उसने पढ़ाया था।

ब्लूम के वर्गीकरण के अनुसार, यह संज्ञानात्मक क्षेत्र के किस उद्देश्य से संबंधित है?

(1) मूल्यांकन करना
(2) अवबोध
(3) अनुप्रयोग करना
(4) सृजन करना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

140. निम्नलिखित में से कौनसे एक सफल पाठ योजना में क्रमबद्ध रूप से एकीकृत मुख्य घटक हैं?

(1) प्रस्तावना, मुख्य भाग, गृहकार्य, निष्कर्ष
(2) शिक्षक, शिक्षार्थी, पाठ्यपुस्तक, श्यामपट्ट
(3) विषयवस्तु विश्लेषण, अधिगम उद्देश्य, शिक्षण–अधिगम क्रियाएँ, उपलब्धि आंकलन रणनीतियां
(4) तैयारी, अनुप्रयोग, प्रस्तुतीकरण, मूल्यांकन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

141. सामाजिक विज्ञान शिक्षण को बच्चे में "नैतिक ऊर्जा" अन्तर्निविष्ट करना चाहिए। इस नैतिक ऊर्जा का उद्देश्य है –

(1) बच्चे को शैक्षणिक विषयों को प्रभावी ढंग से याद करने में सक्षम बनाना।
(2) बच्चे को उन सामाजिक शक्तियों से निपटने के लिए सशक्त बनाना जो मानवीय मूल्यों को खतरे में डालती हैं।
(3) बच्चे को सभी मौजूदा सामाजिक शक्तियों के अनुरूप ढलने में मदद करना।
(4) बिना किसी आलोचनात्मक विश्लेषण के विरासत की भावना पैदा करना।
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

142. While using Demonstration Method in the classroom, although teacher's behaviour may be autocratic, but he/she should invite -

(1) Independent study without guidance
(2) Only written feedback
(3) Silence from students
(4) The cooperation of pupils in the teaching - learning process
(5) Question not attempted

143. Under any achievement test, which of the following is/are NOT the "Recall type" question/s?

(a) Short answer (b) Controlled completion
(c) True/false (d) Multiple choice

Choose the correct code -

(1) Only (d) (2) Only (b) and (c)
(3) Only (c) and (d) (4) Only (a) and (b)
(5) Question not attempted

144. Why documentaries are considered important in distance education?

(1) Because they do not require critical thinking
(2) They offer a multisensory experience accommodating various learning styles
(3) Because they do not require any technology
(4) Because they are always shorter than regular lesson
(5) Question not attempted

145. Which one of the following is NOT the principle of Social Science curriculum from the viewpoint of objectives?

(1) Principle of Co-ordination
(2) Principle of Relation with Life
(3) Principle of Extensiveness
(4) Principle of Proximity of Time and Place
(5) Question not attempted

146. 'Under the Project Method, students do not study the subjects separately, but they get the blended knowledge of all subjects during the solution of a problem.'

This statement refers to which principle of Project Method?

(1) Principle of Prodigality
(2) Principle of Co-ordination
(3) Principle of Activity
(4) Principle of Sociality
(5) Question not attempted

142. कक्षा में प्रदर्शन विधि के प्रयोग के दौरान, हालांकि शिक्षक का व्यवहार सत्तावादी हो सकता है, किन्तु उसे आमंत्रित करना चाहिए –

(1) मार्गदर्शन के बिना स्वतंत्र अध्ययन
(2) केवल लिखित फीडबैक
(3) छात्रों से मौन
(4) शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया में शिक्षार्थियों का सहयोग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

143. निम्नलिखित में से कौनसा/से किसी उपलब्धि परीक्षण के अंतर्गत, "प्रत्यास्मरण प्रकार" का/के प्रश्न नहीं है/हैं?

(a) लघु उत्तरात्मक (b) नियंत्रित पूर्ति
(c) सत्य/असत्य (d) बहुवैकल्पिक

सही कूट का चयन कीजिए –

(1) केवल (d) (2) केवल (b) एवं (c)
(3) केवल (c) एवं (d) (4) केवल (a) एवं (b)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

144. दूरस्थ शिक्षा में, वृत्तचित्रों को महत्वपूर्ण क्यों माना जाता है?

(1) क्योंकि उन्हें महत्वपूर्ण सोच की आवश्यकता नहीं होती
(2) विभिन्न सीखने की शैलियों को समायोजित करने वाला बहुसंवेदी अनुभव प्रदान करते हैं
(3) क्योंकि उन्हें किसी तकनीकी की आवश्यकता नहीं होती
(4) क्योंकि वे हमेशा नियमित पाठों से छोटे होते हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न

145. निम्नलिखित में से कौनसा एक सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम का उद्देश्यों की दृष्टिकोण से सिद्धांत नहीं है?

(1) समन्वय का सिद्धांत
(2) जीवन के साथ संबंध का सिद्धांत
(3) व्यापकता का सिद्धांत
(4) समय और स्थान की निकटता का सिद्धांत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

146. 'प्रायोजना विधि के अन्तर्गत, विद्यार्थी विषयों का अध्ययन अलग–अलग न करके, किसी समस्या समाधान के दौरान सभी विषयों का मिश्रित ज्ञान प्राप्त करते हैं।'

यह कथन प्रायोजना विधि के किस सिद्धांत को संदर्भित करता है?

(1) आधिक्य का सिद्धांत
(2) समन्वय का सिद्धांत
(3) क्रियाशीलता का सिद्धांत
(4) सामाजिकता का सिद्धांत
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

Les

**147.** Which of the following is NOT the objective of evaluation in Social Studies?

(1) To diagnose learning problem in students and the intensity of the problem

(2) To provide grading to students

(3) To identify students' needs and levels

(4) To diagnose to what extent students are ready for learning experiences

(5) Question not attempted

**148.** Under continuous and comprehensive evaluation, the term continuous evaluation refers to -

(a) Ongoing assessment

(b) Life skills and co-curricular activities

(c) All aspects of development

(d) Regular feedback

Choose the correct code -

(1) Only (a) and (b) (2) Only (a) and (d)

(3) Only (a) (4) Only (a), (c) and (d)

(5) Question not attempted

**149.** What is one of the key benefits of using "Blogs" for professional development of teachers?

(1) It allows only private reading.

(2) It replaces the need for a teaching degree.

(3) It is only useful for historical data.

(4) Sharing experiences, ideas and lesson plans with the teaching community.

(5) Question not attempted

**150.** How does television primarily assist in "Promoting Global Citizenship" within the Social Studies curriculum?

(1) By replacing traditional textbooks

(2) By providing diverse viewpoints including renowned personalities and exposure to knowledge of various cultures

(3) By focusing solely on entertainment

(4) By limiting the focus to local news

(5) Question not attempted

**147.** निम्नलिखित में से कौनसा सामाजिक अध्ययन में मूल्यांकन का उद्देश्य नहीं है?

(1) विद्यार्थियों में सीखने की समस्या का निदान करना और समस्या की गंभीरता का पता लगाना

(2) विद्यार्थियों को ग्रेड प्रदान करना

(3) विद्यार्थियों की आवश्यकताओं एवं स्तरों की पहचान करना

(4) यह पता लगाना कि विद्यार्थी सीखने के अनुभवों के लिए किस हद तक तैयार हैं

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**148.** सतत एवं व्यापक मूल्यांकन के अन्तर्गत, सतत मूल्यांकन शब्द से तात्पर्य है –

(a) अविरत आंकलन

(b) जीवन कौशल एवं पाठ्य–सहगामी गतिविधियाँ

(c) विकास के सभी पक्ष

(d) नियमित प्रतिपुष्टि

सही कूट का चयन कीजिए –

(1) केवल (a) एवं (b) (2) केवल (a) एवं (d)

(3) केवल (a) (4) केवल (a), (c) एवं (d)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**149.** शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के लिए "ब्लॉग" का उपयोग करने का एक प्रमुख लाभ क्या है?

(1) यह केवल निजी पढ़ने की अनुमति देता है।

(2) यह शिक्षण डिग्री की आवश्यकता को प्रतिस्थापित करता है।

(3) यह केवल ऐतिहासिक आँकड़ों के लिए उपयोगी है।

(4) शिक्षण समुदाय के साथ अनुभव, विचार और पाठ योजनाएं साझा करना।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**150.** सामाजिक अध्ययन पाठ्यक्रम के अन्तर्गत, टेलीविजन मुख्य रूप से "वैश्विक नागरिकता को बढ़ावा देने" में कैसे सहायता करता है?

(1) पारंपरिक पाठ्यपुस्तकों को प्रतिस्थापित करके

(2) विख्यात व्यक्तियों के विविध दृष्टिकोणों और विभिन्न संस्कृतियों का ज्ञान प्रस्तुत करके

(3) केवल मनोरंजन पर ध्यान केन्द्रित करके

(4) स्थानीय समाचारों तक ध्यान केन्द्रित करके

(5) अनुत्तरित प्रश्न

---



Scanned with OKEN Scanner